ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 329 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
27 मई 2025 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
35 अधिकतम
26 न्यूनतम



Page-7





## जल गंगा संवर्धन अभियान... @भोपाल



भोपाल, दोपहर मेट्रो। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भोपाल में शीतलदास की बगिया पहुंचकर घाटों की सफाई कार्य में सहभागिता की व सफाई मित्रों का सम्मान किया।

## कैमरे के सामने ऑपरेशन सिंदूर किया, ताकि कोई सबूत न मांगे



**गांधीनगर, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने आज गांधीनगर में रोड शो किया और गुजरात की शहरी विकास यात्रा के 20 साल पूरे होने के जश्न में हिस्सा लिया। उन्होंने शहरी विकास वर्ष 2025 की शुरुआत की तथा एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा- हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि, कोई सबूत न मांगे। अब हमें सबूत नहीं देना पड़ा रहा है। सामने वाला ही दे रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है। यह सोची समझी युद्ध की रणनीति है। तो उसका जवाब भी वैसा भी मिलेगा। मोदी ने कहा कि पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है इसीलिए वो आतंकवादी भेज रहा है।

## कोरोना मामले बढ़े, 10 मौतें भी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1045 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 210, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं। वहीं, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में कुल 10 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से आठ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं।

## अब भाजपा नेता ने आईएएस को पाकिस्तानी बताया, FIR दर्ज

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भाजपा नेता ऑपरेशन सिंदूर के बाद से बेलगाम हैं, जबकि दो दिन पहले पीएम मोदी भी इन्हें बेवजह बयानबाजी से बचने की हिदायत दे चुके हैं। सेना की आवाज बनीं कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की मर्यादित टिप्पणी का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ कि कर्नाटक में भाजपा एमएलसी एन रविकुमार ने 2014 बैच की आईएएस अफसर फौजिया तरन्नुम को पाकिस्तानी बता दिया। उन्होंने कहा वह पाकिस्तान से आई हुई लगती हैं। जबकि फौजिया वर्तमान में कलबुर्गी जिले में कलेक्टर पद पर हैं। भाजपा एमएलसी के इस बयान ने फिर सियासी पारा बढ़ा दिया है। फौजिया तरन्नुम ने यूपीएससी की परीक्षा में ऑल ओवर इंडिया 31 वीं रैंक हासिल की थी। जब वह आईएएस बनीं थी। तो उससे पहले वह आईआरएस ऑफिसर थीं। उधर कांग्रेस ने भाजपा नेताओं के जरिये समुदाय विशेष को लेकर सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने के आरोप लगाए हैं।



**आईएएस एसोसिएशन ने जताया विरोध :** आईएएस फौजिया तरन्नुम के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने मामले में एमएलसी रविकुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं आईएएस अधिकारी संघ ने रवि कुमार से उनकी गैर-जिम्मेदाराना और अस्वीकार्य टिप्पणियों के लिए बिना शर्त माफी की मांग की। आईएएस अधिकारी संघ ने कहा है कि फौजिया तरन्नुम, आईएएस एक बेदाग निष्ठा वाली अधिकारी हैं, जिनका एक अनुकरणीय ट्रैक रिकॉर्ड है।

## कांग्रेस का आरोप- अपराधियों के हौसले मप्र में बुलंद, पूछे सवाल

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस के प्रवक्ता रवि सक्सेना ने आरोप लगाया है कि आम नागरिकों, महिलाओं, बच्चियों की सुरक्षा खतरे में है। खंडवा जिले में आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप और हत्या की वीभत्सपूर्ण घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। यह सिर्फ एक मामला नहीं है पूरे प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की बाढ़ आई हुई है। सक्सेना ने सीएम और उनके मंत्रिमंडल पर सवाल उठाए हैं। जब मुख्यमंत्री के गृह जिले में ही खुलेआम दुष्कर्म हो रहे हैं, तब प्रदेश की बाकी जनता की सुरक्षा की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा पीएम मोदी भोपाल आ रहे हैं। कांग्रेस जनता की ओर से प्रश्न पूछती है कि क्या 'बेटी बचाओ' सिर्फ एक जुमला था?

### यादव कैबिनेट की बैठक, पीएम के दौरे की तैयारियों पर मंथन

## खरीद व भर्ती : एचओडी को पावरफुल बनाने नियमों में बदलाव की मशक्कत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज प्रधानमंत्री के भोपाल आगमन से ठीक पहले कैबिनेट बैठक में दिल्ली में दो दिन तक चली नीति आयोग और सीएम कान्क्लेव को लेकर मंत्रियों के साथ मंथन किया। इसके अलावा मप्र के सरकारी विभागों के वित्तीय अधिकारों को लेकर भी चर्चा की गई है तथा विकेंद्रीकरण के तहत विभागाध्यक्षों को पावरफुल बनाने के फार्मूले तय हुए। दरअसल, प्रदेश सरकार आठ वर्षों बाद बुक ऑफ फाइनेंशियल पावर में संशोधन करने जा रही है। इसके तहत विभागों को लैपटॉप, फर्नीचर जैसी वस्तुएं खरीदने के लिए अब प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। विभागाध्यक्ष सीधे स्तर पर यह निर्णय लेने में सक्षम होंगे। इसके अलावा उन्हें प्रशिक्षु (इंटर्न) रखने का भी अधिकार मिलेगा, जिससे प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी और युवाओं को सरकारी तंत्र के साथ काम करने का व्यावहारिक अनुभव भी मिल सकेगा। कैबिनेट बैठक में इन प्रस्तावों को मंजूरी मिलने पर राज्य के प्रशासनिक विकेंद्रीकरण और निर्णय प्रक्रिया को तेज करने की दिशा में मदद मिलेगी।

इससे पहले दिल्ली बैठक के दौरान प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए तय किए गए मापदंडों की जानकारी कैबिनेट को विस्तारपूर्वक दी गई और प्रधानमंत्री मोदी की राज्य के विकास और अंतरराज्यीय मामलों में तय प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी भी रखी गई। आज बैठक में प्रदेश में औद्योगिक निवेश की व्यवस्थाओं और निवेश के लिए हुए भूमि आवंटन तथा उद्योगपतियों के साथ लगातार संवाद पर भी चर्चा की गई। सीएम मोहन यादव ने इस बैठक में गत दिवस नरसिंहपुर में हुए कृषि समागम के दौरान आए निवेश प्रस्तावों को लेकर भी मंत्रियों को जानकारी दी।



फाइल फोटो

हालांकि आज कैबिनेट बैठक में 31 मई को होने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के भोपाल दौरे पर भी खास फोकस रहा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी आगामी शनिवार को भोपाल में जम्बूरी मैदान में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित करने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम की तैयारियों में जुटी सरकार आज मंत्रियों को आवश्यक जिम्मेदारियों का बंटवारा भी किया गया। बताते हैं कि जम्बूरी मैदान में पीएम मोदी का मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह पहला बड़ा कार्यक्रम है, इसलिए सरकार इसे लेकर बहुत मुस्तैद है। इसलिए मोहन कैबिनेट के मंत्रियों को भी अधिकारियों के साथ को-आर्डिनेशन करने और 30 और 31 मई को तैयारियों में जुटने के लिए कहा गया है।

### अगली बैठक पचमढ़ी में

कैबिनेट की अगले सप्ताह पचमढी बैठक की नर्मदापुरम प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पाइन फॉरेस्ट या फिर ग्लेन व्यू होटल में से किसी एक जगह पर कैबिनेट बैठक की संभावना है। अगर मौसम साफ रहा तो पाइन फॉरेस्ट में कैबिनेट हो सकती है जहां पिछली बार भी कैबिनेट हो चुकी है। इसके अलावा अगर मौसम गड़बड़ रहने की स्थिति रही तो ग्रैंड व्यू होटल परिसर के लॉन में बैठक की तैयारियां की जाएंगी। इसके लिए डोम बनाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा यहां बनाए गए राजभवन कैम्पस को भी विकल्प के रूप में शामिल किया गया है।

**मेट्रो एंकर**

### ट्रंप के कारोबारी कुनबे को दुनियाभर से मिल रही बड़ी डील, उपहार, नियम प्रक्रिया दरकिनार

## कई देशों का नया फार्मूला, ट्रंप को साधे सब सधै...!

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सत्ता में वापसी के बाद से उनके परिवार की कारोबारी गतिविधियों में नई हलचल दिख रही है। आलम यह है कि ट्रंप परिवार को दुनिया के कई मुल्क नवाजने में लगे हैं और बदले में भारी भरकम कारोबारी डील कर रहे हैं। इस कडी में सबसे पहले कतर ने ट्रंप को महल जैसा सुसज्जित बोईंग उपहार में दिया है जिसकी कीमत 3400 करोड़ बताई जाती है। इसे भी एक बडे प्रोजेक्ट के लिए कथित तौर पर %रिश्वत% के तौर पर देखा गया। अब वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई देश ट्रम्प कुनबे को अरबों डॉलर के प्रोजेक्ट्स देकर अमेरिका से रिश्ते बेहतर करने की होड़ में शामिल हो गये हैं। कहा जा रहा है कि इन सौदों में कई देश कानूनी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज कर कानूनी रियायतें दें रहे हैं। वियतनाम के विन फुक प्रांत में 13 हजार करोड़ का 'ट्रम्प इंटरनेशनल गोल्फ रिसोर्ट' प्रोजेक्ट ऐसा ही मामला है। इसे वियतनाम की सरकार ने राष्टीय प्राथमिकता बताकर मंजूरी दे दी। इसमें भूमि अधिग्रहण और वित्तीय जांच जैसी प्रक्रियाओं को दरकिनार कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक यह परियोजना ट्रम्प के कुनबे से जुड़ी है, इसलिए इसे कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना मंजूरी दी गई।



वहीं, इंडोनेशिया के बाली और वेस्ट जावा में भी ट्रम्प कुनबे को होटल और गोल्फ कोर्स जैसे प्रोजेक्ट ऑफर किए गए हैं। इनमें भी कानूनी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज किया गया है। उधर यह भी खबरे हैं कि ट्रंप कुनबे को तुर्किये व अजरबैजान जैसे देश भी साधने में लगे हैं। तुर्किये के इस्तांबुल में ट्रम्प टावर्स रेसिडेंशियल और ऑफिस कॉम्प्लेक्स जैसे प्रोजेक्ट ट्रम्प के परिवार को ऑफर किए गए हैं। इन प्रोजेक्ट्स में डोगान होल्डिंग से साझेदारी हुई है। वह तुर्किये के राष्ट्पति रेचेप तैयब एर्दोगान की पार्टी एकेपी के करीबी माने जाते हैं। अजरबैजान का ट्रम्प इंटरनेशनल होटल प्रोजेक्ट बिजनेसमैन मम्मदोव के साथ मिलकर किया जा रहा है। यहां वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं।

### पाकिस्तान भी ट्रंप को साधने में जुटा

पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने ट्रम्प की साझेदारी वाले एआई प्रोजेक्ट के लिए दो हजार मेगावाट बिजली आवंटित की है। इस बिजली का इस्तेमाल कर बिटकॉइन माइनिंग की जाएगी साथ ही एआई डेटा सेंटर्स में भी इस बिजली का इस्तेमाल होगा। फिलीपींस भी ट्रम्प कुनबे को प्रोजेक्ट देने पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, यहां ट्रम्प को प्रोजेक्ट ऑफर करने के लिए परदे के पीछे लॉबिंग की जा रही है।

## सोनू सूद ने बिना कपड़े बाइक चलाई, अब होगी कार्रवाई

**शिमला।** बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद का हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में कपड़े उतारकर बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए का वीडियो सामने आया है। हालांकि वे कानूनी झमेले में भी पडते दिख रहे हैं। इस वीडियो में उनके साथ कई बाइकर्स दिख रहे हैं। वीडियो में सोनू सूद बाइक पर खतरनाक नाला पार करते हुए नजर आते हैं। इसके बाद वह आगे खड़े फैंस के पास रुककर उनसे हाथ मिलाते हैं। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने इस वीडियो में हिमाचल प्रदेश पुलिस को टैग करते हुए ट्रैफिक रूल्स को लेकर सवाल उठाए हैं। इस बीच लाहौल-स्पीति पुलिस ने डीएसपी को पूरे मामले की जांच सौंप दी है। पुलिस ने अपने यह भी कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह वीडियो वर्ष 2023 का लग रहा है। बाकी जांच चल रही है।



# स्कूली शिक्षा : बस्ते के वजन पर फोकस, तौल कांटा लेकर बसों की चेकिंग करेगा विभाग

## 16 जून से शुरू होगा जांच अभियान, डीईओ ने जारी किए दिशा-निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में जून के तीसरे सप्ताह से विद्यार्थियों के लिए स्कूल खुल जाएंगे। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार बैग पॉलिसी को लागू करने और बच्चों को बस्ते के अतिरिक्त वजन से राहत देने के लिए विशेष जांच अभियान चलाने की तैयारी है। इस दौरान बच्चों के कंधों पर कितना वजन स्कूल जाता है, इसकी गहन चेकिंग होगी। यह चेकिंग अभियान 16 जून से शुरू होगा।

दरअसल, भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) नरेंद्र कुमार अहिरवार ने छोटे बच्चों के बस्ते की जांच करने के आदेश जारी कर दिए हैं। स्कूली बच्चों के बस्ते के वजन को कम करने के लिए करीब तीन साल पहले सितंबर 2022 में स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए थे, लेकिन इसका पालन नहीं करा पाए। अब जिला के शिक्षा विभाग का



जांच दल तौल कांटा लेकर स्कूली बसों की चेकिंग के साथ शुरू करेगा। इसके लिए जिला स्तर, संभाग स्तर और राज्य स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

**यह दिए गए थे निर्देश:** निर्देशों के तहत जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम स्कूलों का औचक निरीक्षण कर विद्यार्थियों के बस्ते का वजन मापन करेगी, लेकिन अधिकारियों के ढीले रवैये के चलते बच्चे बस्ते का भारी वजन ढो रहे हैं। अपने बच्चों को बस्ते का वजन उठाने से बचाने के लिए अभिभावक खुद बस्ता लेकर स्कूल पहुंचाते हैं। वहीं सप्ताह में एक दिन बैग विहीन दिवस किया गया है। इस दिन कार्यानुभव से संबंधित गतिविधियां कराई जाएंगी, लेकिन इसको लेकर कई स्कूल अब भी गंभीर नजर नहीं आते हैं।

**स्कूलों में नहीं आदेश चस्पा :** प्रत्येक स्कूल को नोटिस बोर्ड एवं कक्षा के कक्ष में बस्ते के वजन का आदेश लगाना होता है, लेकिन किसी भी स्कूल में आदेश नहीं लगाया गया है। विभाग ने विद्यार्थियों के बस्ते का वजन निर्धारित किया है।

### यह है पॉलिसी

नियमानुसार दूसरी कक्षा के बच्चे के बस्ते का वजन दो से ढाई किलो होना चाहिए। दूसरी तक के बच्चों को होमवर्क नहीं दिया जाएगा। तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों को प्रति सप्ताह दो घंटे का गृह कार्य दिया जाए। छठवीं से आठवीं तक प्रतिदिन एक घंटे और नौवीं से 12वीं तक में प्रतिदिन दो घंटे का ही गृह कार्य दिया जाए। स्कूल डायरी का वजन भी बस्ते के वजन में ही शामिल किया गया है। आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अभ्यास पुस्तिकाएं, वर्क बुक एवं अन्य आवश्यक सामग्री को स्कूल में ही रखने की व्यवस्था करना होगी। कंप्यूटर, नैतिक शिक्षा, सामान्य ज्ञान, स्वास्थ्य शारीरिक शिक्षा एवं कला की कक्षाएं बिना किताबों के ही लगाई जानी चाहिए।

## राजधानी के स्टेशन पर एग्जीक्यूटिव लाउंज में होटल-मॉल जैसी व्यवस्थाएं

# ट्रेन जब भी आए, रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहेंगी बाकी सारी सुविधाएं!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ट्रेनों में यात्रियों को एक अदद सीट मिलने की समस्या भले ही हल नहीं हो पा रही है, ट्रेनों के समय पर आने जाने का पक्का भरोसा नहीं बन पा रहा हो लेकिन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को सुविधा के नाम पर चाकचौबंद इंतजाम किये जा रहा हैं, इनके लिये यात्रियों से शुल्क भी लिया जा रहा है। इस कड़ी में अब मुसाफिरों को इंतजार के दौरान भी आराम और मनोरंजन करने को मिलेगा। प्लेटफॉर्म नंबर एक की नई बिल्डिंग में आईआरसीटीसी द्वारा शुरू किए जा रहे एग्जीक्यूटिव लाउंज में यात्रियों को होटल जैसी लग्जरी सुविधाएं दी जाएंगी, वो भी सिर्फ 50 रुपए में। पहले से प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 6 पर वातानुकूलित वेटिंग रूम था, अब उससे एक कदम आगे एग्जीक्यूटिव लाउंज की शुरुआत की जा रही है, जिसमें यात्रियों को सिर्फ बैठने की नहीं बल्कि चाय-कॉफी, कुकीज, इंडोर गेम्स और म्यूजिक के साथ-साथ मनोरंजन की भी सुविधा मिलेगी। बताया जा रहा है कि जल्द ही यह सुविधाएं रेलवे यात्रियों को लिए शुरू करने जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक 50 रुपए के शुल्क में वातानुकूलित हॉल और आरामदायक सोफा पर चाय/कॉफी, कुकीज,न्यूज पेपर और मैगजीन,फ्री वाई-फाई और मोबाइल चार्जिंग तथा ट्रेन की जानकारी देने वाला डिजिटल डिस्प्ले, म्यूजिक सिस्टम और टीवी भी मौजूद रहेगा।

### गेमिंग जोन की भी तैयारी

बताया जाता है कि इस लाउंज को पारंपरिक वेटिंग रूम से एक कदम आगे बढ़ाते हुए यहां गेमिंग के भी ऑप्शन दिए गए हैं। यात्रियों, खासकर बच्चों और परिवारों के लिए लूडो, केरम, सांप-सीढ़ी जैसे गेम्स की व्यवस्था की गई है, जिससे स्टेशन पर रुकना अब बोरियत भरा नहीं बल्कि एक अच्छा अनुभव बनेगा। 200 रूपये में यात्री अनलिमिटेड शाकाहारी बुफे का लाभ ले सकते हैं, जिसमें इडली-सांभर, बड़ा, छोले-भटूरे, वेज बिरयानी, पास्ता, फ्रेंच फ्राइज, वेज थाली जैसी कई डिशेज हैं। इसके अलावा यहां सब्जी, पूरी, सलाद, खीर, सूप, चावल आदि भी रहेंगे। जबकि पिज्जा, बर्गर जैसी डिशेस ऑन डिमांड उपलब्ध रहेंगी। मेन्यू समय-समय पर बदलता रहेगा। बताया जाता है कि लंबी यात्रा के बाद यदि यात्री खुद को तरोताजा करना चाहते हैं तो उनके लिए 100 रूपये में नहाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी और तौलिया, शैम्पू और साबुन दिया जाएगा। ज्यादा शांति व प्राइवेसी चाहने वाले मुसाफिरों को 100 रू में वीआईपी एग्जीक्यूटिव लाउंज की भी सुविधा है, जिसमें रिक्लाइनर चेयर, गेम एक्टिविटी और स्नैक्स शामिल हैं। रुफटॉप एरिया में कॉन्फ्रेंस मीटिंग की सुविधा भी है। इसमें दो सौ रुपये प्रति व्यक्ति के पैकेज में प्रोजेक्टर, मीटिंग स्पेस, चाय, कॉफी और स्नैक्स होंगे इससे लोगों को किसी होटल की बुकिंग की जरूरत नहीं रहेगी। माताओं के लिए बेबी फीडिंग रूम भी बनाया है। इससे पहले अप्रैल माह में पाड होटल भी यहां शुरू किया गया था।




### इधर.. तीन अतिरिक्त कोच जुड़े

रेल प्रशासन ने यात्रियों की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए गाड़ी संख्या 22187/22188 रानी कमलापति-आधारताल एक्सप्रेस में तीन अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से जोड़ने का फैसला लिया है। इसमें दो स्लीपर और एक थर्ड एसी कोच शामिल हैं। यह व्यवस्था 28 मई से प्रभावी हो रही है। यानी यह ट्रेन कुल 23 कोचों के साथ संचालित की जाएगी। यात्रियों को प्रतीक्षा सूची की समस्या से राहत मिलेगी। रेल प्रशासन का यह निर्णय खासतौर पर उन यात्रियों के लिए राहत लेकर आया है, जो थर्ड एसी और स्लीपर क्लास में यात्रा करते हैं। अब इन श्रेणियों में अधिक सीटें उपलब्ध होंगी।

# मलबा-मिट्टी डालने से नाला बंद, लोग परेशान, निगम आयुक्त को जांच के निर्देश

## जिले के तीन मामलों में आयोग ने लिया संज्ञान, जवाब तलब

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के तीन मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल शहर के ई-7 अरेरा-कॉलोनी में ब्रह्माकुमारीज के पास स्थित एक मकान में दीवार तोड़कर निर्माण कार्य करने के बाद निर्माण से निकला मलबा पास के नाले में डालने से नाला पूरी तरह चोक होने का है। नाले के ऊपर मिट्टी, ईंट और मलबे का बड़ा ढेर जमा हो गया है। पानी की निकासी बाधित होने के कारण इससे बदबू और गंदगी फैल रही है। इस कारण नाले के आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं और रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा आयोग ने भोपाल जिले के बनखेड़ी के पीपरपानी उपकेंद्र के कामती गुर्गीढाना एग्रीकल्चर फीडर पर बिना सुरक्षा उपकरण के काम करते हुये एक बिजली कर्मी के बुरी तरह झुलस जाने और कोलार क्षेत्र में स्थित पेरिस हाउसिंग सोसाइटी में सामुदायिक भवन और पार्क की जमीन पर एक बिल्डर द्वारा अवैध कब्जे किये जाने के मामले में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

# केंद्रीय जेल में 'सेवा सदन' का नेत्र जांच शिविर, 240 की जांच



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा केंद्रीय जेल, भोपाल में एक बड़ा नेत्र रोग जांच शिविर आयोजित किया गया। इस मानवीय पहल से जेल में बंद 240 बंदियों को लाभ मिला, जिनमें 203 पुरुष और 37 महिलाएँ शामिल थीं, जिनकी आँखों की गहन जांच की गई। शिविर के दौरान हुई जांच में, 60 बंदियों में दृष्टि संबंधी समस्याएँ पाई गईं। इनमें से 44 रोगियों को मोतियाबिंद या अन्य गंभीर नेत्र रोगों के ऑपरेशन के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय रेफर किया गया है, जहाँ उन्हें मुफ्त उपचार की सुविधा मिलेगी। वहीं, 150 बंदियों को सामान्य नेत्र समस्याओं के लिए आवश्यक ड्रॉप्स प्रदान किए गए। नेत्र परीक्षण के अलावा, बंदियों के समग्र स्वास्थ्य की भी जांच की गई। इस दौरान, 5 बंदियों में मधुमेह (डायबिटीज) और 13 में उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) की शिकायत सामने आई, जिन्हें आगे के इलाज के लिए उचित परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त, 80 बंदियों को उनकी आँखों की रोशनी के अनुसार चश्मे भी वितरित किए गए, जिससे उनके जीवन में एक नया 'उजाला' आया है। इस महत्वपूर्ण शिविर को सफल बनाने में जेल अधीक्षक राकेश भांगरे और उप अधीक्षक एम.एस. मरावी की विशेष उपस्थिति रही। सेवा सदन की ओर से ऑप्टोमेट्रिस्ट डी.पी. मिश्रा, अभय कुशवाह और अन्य समर्पित स्टाफ सदस्यों ने अपनी निःस्वार्थ सेवाएँ प्रदान कीं, जो बंदियों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

# तिरंगा यात्रा से गूंजा 'ऑपरेशन सिंदूर' का शौर्य, सेना को सलाम

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में दिखाए गए अद्भुत शौर्य और पराक्रम के सम्मान में गांधीनगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। विधायक रामेश्वर शर्मा ने यात्रा की अगवाई की। गांधीनगर नाका थाने के सामने से यात्रा शुरू हुई, यह यात्रा गांधीनगर बस स्टैंड, झूलेलाल मार्केट, टैगोर वार्ड और प्रतापगढ़ शिवाजी वार्ड से होते हुए बस स्टैंड पर समाप्त हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया, जहाँ स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने तिरंगा लहराकर और पुष्पवर्षा कर सैनिकों के सम्मान में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। विधायक शर्मा ने देश की सेना के पराक्रम की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना द्वारा 22 मिनट में पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों को तबाह करने के असाधारण शौर्य का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि सेना ने देश का सम्मान बढ़ाया है। तिरंगा यात्रा में मनोज घुसर समस्त कार्यकर्ता गण एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजू मीणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश वासवानी, तुलसीराम बड़गोतिया, हरीश कुमार सबनानी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# यूसीसी जबलपुर ने जीती सिंदूर प्रीमियर लीग ट्रॉफी




**हिरदाराम नगर.** सिंदूर प्रीमियर लीग 2025 का समापन हुआ। जबलपुर की टीम अजेय क्रिकेट क्लब, यूसीसी ने चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में यूसीसी ने टीम संत हिरदाराम नगर को मात दी। विजेता टीम को सांसद आलोक शर्मा ने 1 लाख 51 हजार रुपये का नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं, उपविजेता रही संत हिरदाराम नगर की टीम को 51 हजार रुपये का नगद पुरस्कार और ट्रॉफी दी गई। सांसद शर्मा ने कहा कि आज का दिन हमारे खेल के लिए एक अविस्मरणीय दिन है। इन दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया और हमें एक रोमांचक मैच दिया। मैं विजेताओं को हार्दिक बधाई देता हूं और उपविजेता टीम को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं। त्तीसगढ़ के चांदामेटा से आए सतगुरु साईं लाल दासजी ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। टूर्नामेंट के अंतिम दिन दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें फाइनल मैच में यूसीसी कुशल ने संत हिरदाराम को हराकर खिताब पर कब्जा किया। टूर्नामेंट में व्यक्तिगत पुरस्कार बेस्ट बैट्समैन पीयूष, बेस्ट बॉलर पिकु, बेस्ट फील्डर-रवि और मैन ऑफ द सीरीज मोहित सचदेव को दिए गए।

**मेट्रो एंकर**

## गेहानी का 90वां जन्मदिन मनाया

# सेवा कार्य किए, शिक्षा का संकल्प दोहराया

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

शिक्षाविद् और समाजसेवी विष्णु गेहानी ने अपना 90वां जन्म दिन बच्चों के बीच एवं सेवा कार्य करते हुए मनाया। साधु वासवानी व मुकिता इंटरनेशनल स्कूल परिवार ने पुण्य-उत्सव आयोजित किया गया, जो बच्चों, निर्धन और अनाथ विद्यार्थियों, पर्यावरण एवं मूक-प्राणियों को समर्पित रहा। इस अवसर पर गेहानी ने कहा कि वे उपस्थित सभी लोगों के आशीर्वाद और दुआओं से ही पूर्णतः स्वस्थ हैं। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन को बच्चों को समर्पित बताया। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि अगले जन्म में भी मैं शिक्षक बनकर समाज सेवा करना चाहूंगा। गेहानी ने सबसे पहले प्रातःकाल संत जी का आशीर्वाद लेने उनकी कुटिया पर मत्था टेका और सिद्ध भाऊजी की शुभकामनाएँ लीं। इसके बाद उन्होंने निर्धन बच्चों को यूनिफॉर्म और भोज्य सामग्री वितरित की गई। मूक-प्राणियों हेतु दाना-पानी के पॉट्स एवं घोसले दिए गए, जो जीव दया का संदेश था। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधारोपण किया गया और बच्चों को पौधे, डस्टबिन, झाड़ू दिए, ताकि वे पौधे लगाने हेतु प्रेरित हों और हमारा पर्यावरण स्वच्छ एवं हरा-भरा रहे का संदेश जन-जन तक पहुंचे।

**सेवा और संघर्ष की मिसाल :** समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि गेहानी भाऊ ने संतनगर को शिक्षा के क्षेत्र में ऊँचाइयों तक पहुंचाया है और वे सदैव हमारा मनोबल ऐसे ही बढ़ाते रहें। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने कहा कि परमपिता परमेश्वर एवं संत जी की कृपा उन पर हमेशा बनी रहे और उनका सानिध्य सदैव सभी पर बना रहे। सिंधी सेंट्रल पंचायत के सुरेश जसवानी ने कहा कि विष्णु गेहानी के सच्चाई से भरा पूरा जीवन अनुकरणीय है। कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी ने कहा कि भाऊ ने सभी बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाया है।




**गेहानी को दी बधाई :** इस अवसर पर शिक्षा, समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय व गणमान्य नागरिकों ने गेहानीजी को बधाई दी। पुण्य-उत्सव कार्यक्रम में सुशील वासवानी, बसंत चेलानी, पुरुषोत्तम टिलवानी, चंद्र नागदेव, वासदेव वाधवानी, एम.आई.सी. सदस्य राजेश हिंगोरानी, सुरेश राजपाल, मोटवानी, पत्रकार विवेक शर्मा, राजकुमारी चोटरानी, ईश्वर हिमथानी, दीनदयाल महाविद्यालय एवं नवयुवक सभा स्कूल की प्राचार्या सहित गेहानी परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भावना कलवानी व आभार प्रदर्शन सुतापा जायसवाल ने किया।

### क्षिप्रा के घाटों पर शुरू होगा नया निर्माण, पीएम नरेन्द्र मोदी 31 मई को देंगे प्रदेशवासियों को सौगात

# दतिया-सतना एयरपोर्ट से शुरू होंगी उड़ान, इंदौर मेट्रो सिटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**प्रदेशवासियों को आज से चार दिन बाद दतिया व सतना एयरपोर्ट आपरेशनल स्थिति में मिलेंगे।**



**इंदौर इसी दिन से मेट्रो ट्रेन वाली सिटी बन जाएगी। सिंहस्थ के पहले उज्जैन में क्षिप्रा नदी के किनारे घाटों के निर्माण की शुरुआत हो जाएगी। पीएम नरेन्द्र मोदी 31 मई को भोपाल आ रहे हैं। वह जंबूरी मैदान में होने वाले महिला सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसी दिन प्रदेशवासियों को ये सभी सौगातें देंगे। वह इन सभी कामों का वर्चुअल लोकार्पण व शुभारंभ करेंगे।**

## 31 मई से शुरू होंगी उड़ान सेवाएं

31 मई को ही दतिया से भोपाल, खजुराहो और रीवा के बीच हवाई सेवाओं की शुरुआत भी हो जाएंगी। भोपाल व दतिया के बीच सिर्फ 999 रुपए में यात्री उड़ान भर सकेंगे। बाकी के शहरों का किराया भी कुछ इसी तरह का होगा। लेकिन इसका लाभ पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर ही मिलेगा। यानी प्लेन की 50 फीसद सीटें ही 999 रुपए में मिलेंगी, बाकी पर ट्रेनों की तरह फेयर सिस्टम के तहत 2500 से 3500 रुपए किराया लगेगा। किराये में ऐनवक्त पर मामूली बदलाव भी हो सकते हैं। लोकार्पण वाले दिन सतना से हवाई सेवा शुरू करने पर कवायद तेज हो गई है, अभी फ्लाइट के संचालन व किराया तय नहीं हुआ है, जो कि जल्द तय हो जाएगा। प्रदेश में पहले से 6 एयरपोर्ट कार्यरत है। इनमें भोपाल, इंदौर, रीवा, जबलपुर, खजुराहो व ग्वालियर एयरपोर्ट कार्यरत है। दतिया व सतना का लोकार्पण होने के बाद प्रदेश में इनकी संख्या 8 हो जाएगी।




## 2 जून से नियमित सेवा होंगी शुरू

उड़ान योजना के तहत दतिया से हवाई सेवा शुरू करने का जिम्मा बिग चार्टर एयरलाइंस कंपनी को दिया है। लोकार्पण वाले दिन दतिया से भोपाल व भोपाल से दतिया के बीच हवाई सेवा शुरू होगी। उक्त् एयरलाइंस कंपनी 2 जून से नियमित सेवा शुरू करेगी, जो सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार व गुरुवार को मिलेगी। बिग चार्टर एयरलाइंस कंपनी ये चार दिन भोपाल से रीवा, रीवा से भोपाल, भोपाल से दतिया, दतिया से खजुराहो, खजुराहो से 3दतिया और दतिया से भोपाल के बीच लाइट सेवा देगी।

## क्षिप्रा किनारे घाट निर्माण का करेंगे भूमिपूजन

पीएम मोदी महिला सम्मेलन से ही करोड़ों के विकास कार्यों का वर्चुअली भूमिपूजन भी करेंगे। बता दे कि शिप्रा के दोनों किनारों को मिलाकर 29 किलोमीटर क्षेत्र में घाटों का निर्माण होना है, जो सिंहस्थ 2028 के पहले बनाकर तैयार किए जाने हैं। इस काम की आधारशिला भी पीएम ही रखेंगे।

## सतना एयरपोर्ट से जुड़े निर्माण अधूरे, सीएम ने कलेक्टर को लगाई फटकार

भोपाल। पीएम नरेन्द्र मोदी के भोपाल आने के पहले अफसरों पर फटकार पड़नी शुरू हो गई है। पहले शिकार सतना कलेक्टर सतीष कुमार एस हुए है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोमवार देर रात वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए 31 मई को होने वाले महिला सम्मेलन को लेकर की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा की। सतना एयरपोर्ट से जुड़े कामों की समीक्षा पता चला कि रोड निर्माण समेत कुछ काम अधूरे है, जिस पर सीएम नाराज हो गए। कलेक्टर सतीष कुमार एस से सवाल जवाब किए। सूत्रों के मुताबिक सीएम संबंधित निर्माण एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कलेक्टर सतना से कहा कि समय सीमा के अंदर काम हो, जो नहीं कर सकते, उनके खिलफ कार्रवाई करें, लापरवाही, देरी और गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्तर पर नहीं किया जाएगा। वीसी में मुख्य सचिव अनुराग जैन के अलावा संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर व एसपी शामिल थे। प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने भी प्रत्यक्ष व वीसी के जरिए आयोजन के बारे में सुझाव दिए। पीएम मोदी 31 मई को जंबूरी मैदान में होने वाले महिला सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सीएम ने संबंधित विभागों, कलेक्टरों को निर्देशित किया कि उक्त कार्यक्रम की तैयारियों में किसी तरह की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। समय रहते सभी काम पूरे हो जाने चाहिए।



### - 208 कालेजों की तीन सत्र 2025-26, 2026-27 और 2027-28 की फीस निर्धारित

# एमबीए की न्यूनतम सालाना फीस 40 हजार, एमटेक के लिए देने होंगे 62 हजार

**प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेजों की फीस तय करने का कार्य प्रवेश एंव फीस विनियामक समिति ने शुरू कर दिया है। प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति को राज्य के 208 कॉलेज की तीन सत्र 2025-26, 2026-27 और 2027-28 की फीस निर्धारित कर दी है। बीई, एमबीए के साथ बीसीआई और एनसीटीई कोर्स की फीस तय दी गई है। फीस कमेटी ने बीई और एमबीए की न्यूनतम सालाना फीस 40 हजार रुपए तय की है। वहीं एमटेक की सालाना फीस 62 हजार रुपए तय की गई है। कुछ कालेजों को बैलेंस सीट प्रस्तुत करने समय दिया गया है, जिनकी फीस अगले माह तय होगी। बीएड के साथ एलएलबी और एलएलएम की फीस भी तय कर दी गई है। शेष 50 कॉलेजों की सुनवाई भी जल्द पूरी कर फीस अगले माह के प्रथम सप्ताह में तय कर दी जाएगी। इसके बाद फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा संचालित कोर्स की फीस निर्धारित करने के लिए कॉलेजों को सुनवाई का मौका दिया जाएगा



## आज से तकनीकी शिक्षा की काउंसलिंग शुरू

तकनीकी शिक्षा कर विभाग की काउंसलिंग मंगलवार से शुरू हो रही है। इसलिए फीस कमेटी ने सोमवार को इंजीनियरिंग डिग्री और डिप्लोमा की फीस तय की है। बीई की न्यूनतम फीस चालीस हजार और अधिकतम फीस 67 हजार रुपए सालाना और डीई की 25 हजार सालाना तय की है। इसके अलावा 92 एमबीए कालेजों की फीस भी न्यूनतम चालीस हजार के और अधिकतम 67 हजार रुपए सालाना तय की गई है। जबकि 28 एमटेक कालेजों की फीस 62 हजार रुपए तय हुई है। कई कालेज की फीस तय बैलेंस शीट के अभाव में तय नहीं की गई है। उन्हें सोमवार तक अपनी बैलेंस शीट जमा करनी थी। इसलिए उनकी फीस अब अगले माह निर्धारित की जाएगी।

## बीएड की न्यूनतम फीस 32 हजार रुपए

कमेटी ने बीसीआई और एनसीटीई में आने वाले कोर्स की फीस भी निर्धारित कर दी है। वर्तमान में कमेटी ने 93 बीएड, एलएलबी, बीएएलएलबी और एलएलएम की फीस निर्धारित की है। बीएड की न्यूतनत फीस 32 हजार रुपए तय की है। इसी तरह एलएलबी और बीएएलएलबी, बीकामएलएलबी, बीएससीएलएलबी और बीबीएएलएलबी की न्यूनतम फीस 23 हजार रुपए सालाना निर्धारित की है। वहीं एलएलएम की न्यूनतम फीस 25 हजार रुपए सालाना तय की गई है।

## कॉलेज बैलेंस शीट में कुछ ज्यादा एंट्री नहीं दिखा सके

हालांकि कॉलेज ने फीस कमेटी ने ऊंचे स्तर की फीस की मांग की थी। सुनवाई की दौरान हुई जिरह में कॉलेज अपने बैलेंस शीट में कुछ ज्यादा एंट्री नहीं दिखा सके। इसलिए उन्हें पूर्व में निर्धारित हुई फीस से संतोष करना पड़ा है। कुछ कालेजों ने फीस बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की दुहाई दी, जिसके कारण उनकी फीस में कुछ बढ़ोतरी हो सकी है।

# अब आर्थिक गणना होगी, प्रदेश स्तरीय समिति करेंगी निगरानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश की 8वीं आर्थिक गणना की जाएगी। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय समिति का गठन कर दिया है। यह समिति पूरे काम की निगरानी करेगी। यह गणना वर्ष 2025-26 के लिए की जाएगी। समिति का काम गणना के लिए सुचारू रूप से तैयारियां कराना, उसकी निगरानी करना व समस्याओं का समाधान करना है।समिति में प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम,, नगरीय विकास एवं आवास, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा एवं प्रतिनिधि,एनएसओ क्षेत्र संकार्य प्रभाग (एफओडी) सदस्य होंगे। अपर मुख्य सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, सदस्य/राज्य चार्ज अधिकारी तथा आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय को सदस्य-सचिव/ राज्य नोडल अधिकारी बनाया है।



**समिति को करने होंगे ये भी काम**

- राज्य में पर्याप्त संख्या में सुपरवाइजर की तैनाती व मासिक आधार पर क्षेत्रीय कार्य की प्रगति की समीक्षा करना।
- राज्य में पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करना, राज्य और एनएसओ (एफओडी) के पर्यवेक्षकों द्वारा किए पर्यवेक्षण के आधार पर डेटा की शुद्धता पर रिपोर्ट तैयार करना।
- व्यापारिक संगठनों और आम नागरिकों को सहयोग के लिए संवेदनशील बनाना तथा जिला-स्तरीय प्राप्त फीडबैक की निगरानी करना तथा यदि कोई समस्या हो तो उसका समाधान करना।

## खनिज ब्लॉकों के शीघ्र क्रियान्वयन के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध

भोपाल । प्रमुख सचिव खनिज उमाकांत उमराव ने नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय द्वारा नीलामी प्रक्रिया, वैधानिक स्वीकृतियाँ और ब्लॉक क्रियान्वयन विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रमुख सचिव खनिज श्री उमराव ने कहा कि खनिज ब्लॉकों के शीघ्र क्रियान्वयन के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने इसके व्यापक आर्थिक लाभों को रेखांकित किया। प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय कमेटी गठित की गई है, जो नीलामी प्रक्रिया संबंधी कठिनाइयों को दूर करने के तत्काल प्रयास करेगी।

## बिजली चोरी की सूचना देने वालों को मिलेगी 10 फीसदी पारितोषिक राशि

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर सूचना देने वालों को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इस राशि में से पांच प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचना देने वालों को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा तथा शेष पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली उपरांत देय होगी। कंपनी में नियमित कर्मचारी/संविदा कर्मचारी/आउटसोर्स कर्मचारी भी सूचना देने वाला हो सकता है, जिसे सूचना सही पाए जाने पर पायी गयी अनियमितता के विरुद्ध भुगतान हेतु जारी किए गए देयक की पूर्ण वसूली के उपरांत क्षतिपूर्ति राशि का एक प्रतिशत देय होगा। कंपनी ने सूचना प्रक्रिया के बारे में बताया है कि अब पारितोषिक योजना की पूरी जानकारी जैसे बिलिंग और भुगतान से संबंधित गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया गया है।

### विभिन्न संस्थानों में प्रवेश आवंटन 7 जून से 10 जून तक जारी होंगे

# आज से शुरू हुए डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के लिए आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के समस्त शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डाइट ) एवं अशासकीय महाविद्यालयों में डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिये आवेदन प्रक्रिया मंगलवार 27 मई से प्रारंभ हो रही है। योग्य अभ्यर्थी 27 मई, 2025 से एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश के लिये पंजीयन कर सकेंगे। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रथम चरण के प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गयी है। उल्लेखनीय है कि उक्त संस्थानों में डीएलएड पाठ्यक्रम की नियत सीटों पर प्रवेश, अभ्यर्थी के कक्षा 12वीं में प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट अनुसार शासन द्वारा आरक्षण संबंधी जारी निर्देशों के तहत किये जायेंगे। अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर आरक्षण नियमों के अनुसार मेरिट सूची 6 जून को तथा योग्य अभ्यर्थियों को विभिन्न संस्थानों में प्रवेश आवंटन 7 जून से 10 जून तक जारी किये जायेंगे। चयनित अभ्यर्थी 11 जून से 16 जून के मध्य उन्हें आवंटित संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे।




**मेट्रो एंकर** | एक हजार से अधिक महिलाएं कर रही हैं जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य

# शहरी क्षेत्र की महिलाओं को समृद्ध बनाने के प्रयास

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग शहरी क्षेत्र की महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिये उन्हें रोजगार से जोड़ने के लगातार प्रयास कर रहा है। प्रदेश के 55 नगरीय निकायों में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत अमृत मित्र के रूप में 312 स्वसहायता समूह की एक हजार 28 महिला सदस्यों को जल गुणवत्ता परीक्षण का कार्य सौंपा गया है। इस कार्य के लिये महिलाओं को करीब 3 करोड़ रूपये की राशि के कार्य आदेश जारी किये गये हैं। नगरीय निकायों ने महिला स्वसहायता समूहों को बगीचों के रख-रखाव की जिम्मेदारी भी सौंपी है। केन्द्र सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम %वुमन फॉर ट्रीज% में स्वसहायता समूहों की महिलाओं को लगाये गये पौंधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है इसके ऐवज में उन्हें आर्थिक सहायता दी जायेगी।

**खाद्य प्रसंस्करण की गतिविधियों से जोड़ा**



**गया-** शहरी क्षेत्र के महिला स्वसहायता समूहों को केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों से जोड़ा गया है। शहरी क्षेत्र के 211 स्वसहायता समूह के 1142 समूह सदस्यों को 3 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि एरिया लेबल फेडरेशन के माध्यम से सौंपी गयी है। राज्य सरकार का प्रयास है कि ये महिलाएं इन गतिविधियों से जुड़कर लखपति दीदी बनें।

## स्वच्छ भारत मिशन में भी कार्य कर रही हैं महिलाएं

शहरी क्षेत्र की महिलाएं अपने परिवार को आर्थिक रूप से बनाने के लिये उन्हें स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की गतिविधियों से जोड़ा गया है। यह महिलाएं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रमों, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सेनिटेशन जैसी गतिविधियो में कार्य कर रही है। अब तक 202 स्वसहायता समूह को इस कार्य से जोड़ा गया है। शहरी क्षेत्रों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार वितरण कार्यक्रम में डे-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत एक हजार 689 शहरी स्वसहायता समूहों की महिलाओं को 12 हजार 454 आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार वितरण का कार्य सौंपा गया है। इसी के साथ प्रदेश में 1800 स्वसहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा स्कूल के बच्चों के गणवेश तैयार करने का कार्य किया जा रहा है।

## संपादकीय

# सरकार का असर व अंकुश जरूरी

देशभर के छात्रों के लिये कोचिंग हब के रूप में विख्यात राजस्थान का शहर कोटा ऐसी घटनाओं के लिये 'कुख्यात' भी होता जा रहा है,जहां जाकर सपने दम तोड रहे हैं। इस शहर में विद्यार्थियों की आत्महत्या अब इस कदर चिंता का कारण बन चुकी है कि सुप्रीम कोर्ट को भी इसमें दखल देना पड़ा है। हालांकि कोटा में पढ़ाई के तनाव और दबाव के कारण खुदकुशी की लगातार घटनाओं पर पिछले कई वर्षों से सवाल उठते रहे हैं और इसका कोई ठोस समाधान खोजने पर बल दिया जाता भी रहा है, लेकिन तमाम प्रयासों या दावों के बावजूद यह समस्या और जटिल होती गई और अब बेहद चिंता के खतरनाक स्तर पर जा पहुंची है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इस मसले पर न तो कोचिंग संस्थानों को अपनी नीति और तौर-तरीके बदलने की जरूरत महसूस हो रही है और न सरकार की कोई पहल कारगर हो पा रही है। यह भी संभव है कि कोचिंग संस्थान अपने मुनाफे के लिए इस समस्या की अनदेखी कर रहे हैं, मगर सवाल है कि क्या सरकार की कोई जिम्मेदारी ही नहीं बनती? सर्वोच्च न्यायालय ने राजस्थान सरकार के के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा है कि एक राज्य के तौर पर आप क्या कर रहे हैं। अदालत ने यह भी पूछा कि छात्र कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं और क्या आपने इस पर कोई विचार किया है। दरअसल, पिछले दिनों एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने यह पाया कि कोटा के एक छात्र के खुदकुशी कर लेने पर कोई प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की गई। यह समझना मुश्किल है कि कोटा में इंजीनियरिंग और चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटना के एक बड़ी समस्या का रूप ले लेने के बावजूद सरकार की नजर में यह इस हद तक अनदेखी करने लायक मसला क्यों है। यह छिपी बात नहीं है कि हर वर्ष कोटा के कोचिंग संस्थानों में सख्त नियम-कायदों, प?ाई के तनाव और अपने माता-पिता की महत्त्वाकांक्षाओं का दबाव कई विद्यार्थी नहीं झेल पाते और खुदकुशी कर लेते हैं। आखिर यह अलग से पढ़ाई का कैसा ढांचा है कि उसमें कई विद्यार्थी टूट जाते हैं? मामूली विफलता या इसके डर का स्रोत क्या है कि बच्चों के भीतर नया रास्ता खोजने का साहस नहीं पैदा हो पाता और जान दे देना उन्हें आसान लगता है। कहा जाता है कि कोचिंग संस्थानों का रवैया देशभर से आए छात्रों के प्रति असंवेदशील होता है, यहां अधिकांश छात्र अपने परिवार की कठिन आर्थिक स्थितियों के बावजूद अपने सपनों को पंख देने के लिये आते हैं, उनके अभिभावक भी हर तरह के समझौते करके बच्चों को यहां भेजते हैं। जब छात्र सपनों की मखमली जमीन से कोटा की कठोर हकीकत से रूबरू होते हैं तो टूटने लगते हैं और बाद में नाकामी के डर से जान देने तक का फैसला कर लेते हैं। कई बार यहां कुछ समितियों आदि ने भी समस्या का अध्ययन किया और कुछ सुझाव भी दिये और इन्हें अमल में भी लाया गया,मसलन बच्चे जहां रहते हैं वहां की स्थितियो में सुधार से लेकर कोचिंग संस्थानों के स्तर तक सिफारिशें की गई। करीब डेढ वर्ष पहले भी जब ऐसे मामलों में जमकर बवाल मचा था तो तत्कालीन सरकार के मुखिया ने भी कई कदम उठाने की कोशिश की थी और कोचिंग संचालकों से सीधी बात की थी,लेकिन नतीजा सिफर रहा, अब मौजूदा सरकार की? जिम्मेदारी बनती है कि वह ही कोई ठोस पहल करे।

# राजनीतिक गरिमा और वक्त की नजाकत का सवाल

■ ज्योति मल्होत्रा



पहलगाम में हुए नरसंहार के जवाब में भारत को पाकिस्तान पर दंडात्मक सैन्य कार्रवाई क्यों करनी पड़ी, दुनिया को यह समझाने के लिए भेजे जाने वाले बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने को लेकर जो माहौल बना है, उसमें निश्चित तौर पर शालीनता की कमी देखी गई। शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह ने इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल होने के पीएम मोदी के आह्वान पर अपनी पार्टी, कांग्रेस से अलग होकर प्रतिक्रिया दी ङ्क कांग्रेस द्वारा सरकार को भेजी गई सूची में उनके नाम नहीं थे। इस पुरानी पार्टी को इस मुद्दे पर जिस प्रकार किरकिरी झेलनी पड़ गई। इसका पूर्वानुमान उसे होना चाहिए था। सोचा भी नहीं जा सकता कि राहुल गांधी की कांग्रेस वही कांग्रेस है, जिस पर कभी इंदिरा गांधी का राज रहा था। साल 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध करने से पहले के हफ्तों में, उन्होंने और उनके सबसे करीबी सहयोगियों ने कई महीनों तक कूटनीतिक अभियान चलाकर माहौल बनाया, ताकि पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में पैदा हुए मानवीय संकट को दुनिया के सामने रखा जा सके। साल 1994 की बात है, पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे और भारत को कश्मीर मुद्दे पर जेनेवा में मानवाधिकार परिषद में आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था ङ्क तब राव ने अटल बिहारी वाजपेयी को फोन करके पूछा कि क्या वे भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। भारत के संसदीय इतिहास में वह क्षण एक तरह से राजनीतिक किंवदंती के रूप में याद किया जाता है ङ्क 1994 में उप विदेश मंत्री रहे सलमान खुर्शीद, जो कोई भी उनसे मिलने आता, उसे यह बताने में कभी नहीं चूकते कि वाजपेयी के साथ काम करना कितना सहज है। साल 2018 में वाजपेयी के निधन के बाद खुर्शीद ने द प्रिंट नामक वेबसाइट को बताया ञ्ज 'हमें एक-दूसरे को मनाने की या बहस करने की कभी जरूरत नहीं पड़ी। सहज रूप से हमारी सोच एक-सी थी और वे (वाजपेयी) बहुत कमाल के इंसान थेज्उनके पास वह 'मखमली स्पर्श' था, जो एक प्रेरक नेता होने के लिए चाहिए।'

अब बहुत से लोग मोदी पर 'मखमली स्पर्श' विहीन होने का आरोप नहीं लगा सकते। निश्चित रूप से, मोदी का तरीका अपना संदेश सपाट रूप से संप्रेषित करने का है। होना तो यह चाहिए था कि मोदी फोन उठाकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को कॉल करते और उनसे कहते ञ्ज 'भाई, मैं सोच रहा हूं कि भारत को इस घड़ी एक स्वर में दुनिया को बताना चाहिए कि पाकिस्तान के अंदर क्या चल रहा है; किस प्रकार हमारा यह पड़ोसी मुल्क कट्टरता और आतंकवाद का इस्तेमाल कर खेल कर रहा है; तिस पर यह धमकी कि कुछ करके देखो परमाणु हथियार चला दूंगा, एक ऐसा खतरनाक घालमेल जिसके सामने किम जोंग उन जैसा भी फीका पड़ जाए।' दुर्भाग्यवश, राष्ट्रहित में अहंकार और राजनीतिक मतभेद भुलाकर काम करने की क्षमता का प्रदर्शन करने वाला इस प्रकार का आह्वान इन दिनों संभव नहीं है। राजनीति के क्षेत्र में शालीनता की कमी ही अब इसकी पहचान बन चुकी है। कोई भी पक्ष दूसरे का सम्मान नहीं करता। पीएम मोदी का मानना है कि राहुल लोगों से कटे हुए वंशवादी नेता हैं, जिसे सीखने से परहेज है और बदतर यह कि पार्टी उन्हें हटा भी नहीं सकती, भले ही उनके नेतृत्व तले कांग्रेस चुनाव-दर -चुनाव हारती जा रही हो। उधर राहुल का मानना है कि पीएम मोदी लोकतांत्रिक संस्थाओं के सबसे बड़े विध्वंसक हैं।


सार्वजनिक मंचों से दोनों एक-दूसरे की बेइज्जती करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। जब वे एक-दूसरे से भिड़ नहीं रहे होते, तब उनके करीबी सहयोगी यह कमी पूरी करते हैं। देश के दो शीर्ष नेताओं के बीच ताने, कटाक्ष, सरासर बेइज़्जती करना ङ्क यह सब देखना सुखद नहीं। सब जानते हैं कि राजनीति कोई पिकनिक नहीं और न ही अब वह जमाना है कि कोई एक मारे तो दूसरा गाल आगे कर देना इसकी प्रमुख धारणा हो। लेकिन इंदिरा गांधी और नरसिम्हा राव, दोनों ही समझते थे कि विदेश नीति एक व्यापक इंद्रधनुष है, जो हमारे जीवन के विभिन्न रंगों को खुद में समाहित करने में सक्षम है। भले ही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने प्रमुख सांसदों को सीधे आमंत्रित करने को सियासी खेल करने के रूप में लिया हो, लेकिन वह इसे हज़्म करते हुए प्रधानमंत्री से कह सकती थी कि विश्व को भारत का पक्ष समझाने में कांग्रेस भारतीय प्रयासों की- भाजपा के नहींङ्क बराबर की सहयोगी बनेगी। राहुल का तरीका यह है कि जन-जन तक अपनी पहुंचाने के लिए वे बहुत दिलचस्प मुद्दे उठाते रहते हैं, मसलन जातिवार जनगणना। हिंदी पट्टी की राजनीति की प्रकृति को समझते हुए प्रधानमंत्री को इस मांग को मानने के लिए मजबूर होना पड़ा ङ्कवैसे भी इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। यह श्रेय पूरी तरह राहुल को जाता है कि उन्होंने मोदी को इस किस्म की कवायद की जरूरत स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया। शायद राहुल को विश्वास हो चला है कि वे सरकार को ऑपरेशन सिंदूर पर भी सफाई देने के लिए मजबूर कर देंगेङ्क यह पूछकर कि भारत ने कितने विमान खोए; भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के लिए'ट्रंप को क्यों बीच में डाला गया';शेष दुनिया में कोई एक देश भी क्यों खुलकर भारत के समर्थन में खड़ा क्यों नहीं मिला? बकौल राहुल यह 'भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई' का नतीजा है, लेकिन क्या ऐसा ही है? भगवान जाने कि क्या पूरा देश वही जानना चाहता है, जो राहुल जानना चाहते हैं। लेकिन सभी राजनेताओं को समय की नज़ाकत की समझ होनी चाहिए। फिलहाल तो जनता का मूड यही है कि पहलगाम में हुए नरसंहार का बदला लिया जाए। यह संदेश कि भारत निर्दोष लोगों की हत्या को और बर्दाश्त नहीं करेगा, पूरी तरह से दिया जा चुका है- रहीम यार खान एयरबेस के रनवे को बींधकर रख देना, पाकिस्तान के रणनीतिक कमांड से कुछ ही दूरी पर स्थित सरगोधा और नूर खान हवाई अड्डे पर बमबारी करनाङ्क इनमें निहित ऐसे कई संदेश हैं जिनसे बाकी दुनिया को अवगत कराना बाकी है। जहां तक यह सवाल कि क्या ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष में 'मध्यस्थता' की और क्या भारत को इसे अपनी बेइज्जती मानना चाहिए कि उनके विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 10 मई की सुबह अपने भारतीय और पाकिस्तानी समकक्षों को एक के बाद एक कई फोन किए ङ्क तो, अब समय आ गया है कि भारतीय राजनीतिक वर्ग बुनियादी विदेश नीति का एक छोटा-सा पाठ सीख ले। तथ्य यह है कि दुनिया के नेता हमेशा एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं। कई लोग शायद इस बात से चिंतित थे कि कहीं भारत के हमले ऐसे मोड में न तब्दील हो जाएं, जो भगवान न करे, एक 'परमाणु फ्लैश पॉइंट' बन जाए। यह शायद सच है कि जब 7 मई को टकराव शुरू हुआ, तब भारत ने पाक के एयरबेसों पर हमला करने के बारे में नहीं सोचा था यह 8 मई को पाकिस्तान द्वारा बारामूला से लेकर भुज तक ड्रोनों- मिसाइलों से हमलों के जवाब में करना पड़ा, जिसमें आदमपुर भी शामिल था। स्वाभाविक है कि चिंतित हुए वैश्विक नेता ऐसे पलों में भारत और पाकिस्तान के नेताओं को फोन करके शांति बनाने को कहते ङ्क क्या आप भी ऐसा नहीं करते, यदि दोनों आपके दोस्त होते? लेकिन यह भी तथ्य है कि जब तक ट्रंप के सहयोगी पूरी तरह हरकत में आते, तब तक भारतीय वायु सेना अपना काम निबटा चुकी थी। कुछ घंटों बाद, पाकिस्तानी डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन किया और शांति स्थापना की गुहार लगाई। राहुल ने जो भी सवाल उठाए हैं, उनका भी समय आएगा। इस बीच, यहां देखें कि उनके साथी कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने मोदी के निमंत्रण पर 'हामी' भरने वाले अपने ट्वीट में क्या कहा है, जिसमें उन्होंने 1975 की फिल्म 'आक्रमण' के गीत के इस एक मुखड़े का हवाला देते हुए पुष्टि की कि वे ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनना चाहेंगे ञ्ज 'देखो वीर जवानों अपने खून पर ये इल्जाम न आए, मां न कहे कि मेरे बेटे वक्त पड़ा तो काम न आए।' तिवारी, थरूर, सिंह और खुर्शीद भले ही हमारे वक्त के 'अमर, अकबर, एंथनी' हों या न हों, लेकिन उन्होंने अपने-अपने तरीके से शेष देश को राह दिखाई है।

*लेखिका 'द ट्रिब्यून' की प्रधान संपादक हैं*

> ***हिंदी पट्टी की राजनीति की प्रकृति को समझते हुए प्रधानमंत्री को इस मांग को मानने के लिए मजबूर होना पड़ा - वैसे भी इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। यह श्रेय पूरी तरह राहुल को जाता है कि उन्होंने मोदी को इस किस्म की कवायद की जरूरत स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया। शायद राहुल को विश्वास हो चला है कि वे सरकार को ऑपरेशन सिंदूर पर भी सफाई देने के लिए मजबूर कर देंगे...***

# प्रधानमंत्री मोदी के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 11 साल

■ सुरेश पचौरी



लोकतंत्र में श्रेष्ठ नेतृत्व की पहचान नीति, नीयत और निष्ठा की कसौटी पर खरा उतरने से होती है, यह एक सुखद पक्ष है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मापदंड पर सर्वथा खरे उतरे हैं। देश की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी और उन्होंने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की प्रथम बार शपथ ली। बतौर प्रधानमंत्री अपने 11 वर्ष के लगातार कार्यकाल में उन्होंने राजपथ को कर्तव्य पथ के रूप में स्वीकारा तथा देशवासियों का विश्वास जीतने में कामयाब रहे। नरेन्द्र मोदी ऐसे कर्मयोगी हैं, जो 'सर्वे भवन्तु सुखिन' के राष्ट्र-भाव को चरितार्थ करते हुए सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का संकल्प लेकर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में अहर्निश लगे हुए हैं। संक्षेप में कहा जाए तो मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का सिद्धांत है- रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म, प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए अपनी प्राथमिकता में G YAN को रखा है। G का तात्पर्य गरीब, Y का तात्पर्य युवा, A का तात्पर्य अन्नदाता किसान और N का तात्पर्य नारी, वर्तमान में केंद्र सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं में इन पर अधिक फोकस किया है।

केन्द्र सरकार ने समाज के शोषित, वंचित, पीड़ित एवं सर्वहारा वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए अनेक ऐतिहासिक एवं कल्याणकारी निर्णय लिये हैं। नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। पिछले 11 वर्षों में यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बन चुके हैं। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ गैस कनेक्शन निःशुल्क दिये गये हैं। पिछले 5 सालों में जल जीवन मिशन के तहत 12 करोड़ परिवारों के घरों में नल से जल देने का काम पूरा हुआ है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को 4 करोड़ घर मिल चुके हैं। देश के 80 करोड़ जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत मार्च 2025 तक कुल 55.02 करोड़ जन-धन खाते देश में खोले जा चुके हैं। इन्हीं सब प्रयासों की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गये हैं। युवा शक्ति की बेहतरी; प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं में युवाओं के लिए अच्छा स्वास्थ्य, फिटनेस और उन्हें उचित हुनर से लैस करना शामिल है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा कोष योजना और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने भारत को विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ाया है। मार्च 2025 तक समर्थ पोर्टल पर लगभग 5 लाख उपयोगकर्ता पंजीकृत हुये, जिनमें से 77 प्रतिशत युवाओं को प्लेसमेंट मिल चुका है। स्टार्टअप इंडिया के तहत 16 लाख लोगों को प्रत्यक्ष नौकरियां मिली हैं और नौजवान इन योजनाओं से प्रभावित होकर स्वरोजगार स्थापित कर रहे हैं।

**किसान कल्याण**- मोदी का विजन बहुत साफ़ है कि किसानों को उनकी पैदावार का सही दाम मिले। इस बाबत् फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में रिकार्ड बढ़ोत्तरी की। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को उनके बैंक खातों में हर चार महीनों में दो हजार रुपये पहुचाये जाते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि से करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये सीधे किसान के खातों में पहुंचे हैं। पीएम फसल बीमा योजना के तहत दो लाख करोड़ रुपये किसानों को मिले हैं। किसानों को सस्ते दामों में खाद मिले, इस दिशा में पिछले दस सालों में बारह लाख करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। दलहन, तिलहन और नारियल की खरीद के लिए सरकारी गारंटी बढ़ाकर 45,000 करोड़ रुपये कर दी गई है।

**महिला सशक्तिकरण**- महिला सशक्तिकरण मोदी सरकार के विकास एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है। मातृवंदन योजना, नारी शक्ति वंदन और 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद जगी है। स्टैंडअप इंडिया से 81 फीसदी महिलाएं उद्यमी बनीं। मुद्रा योजना से 68 फीसदी महिलाएं लाभार्थी हुईं। केन्द्र सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है, जिनमें से लगभग 1 करोड़ 10 लाख लखपति दीदी अपना गरिमामय जीवन जी रही हैं। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान से बेटियों का आत्मसम्मान बढ़ा है। तीन तलाक कानून की समाप्ति से मुस्लिम महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इसी तरह सरकार ने देश में लगभग 1लाख 75 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले हैं। कोरोना काल में प्रधानमंत्री जी ने स्वदेशी वैक्सीन के आविष्कार में प्रेरक भूमिका निभाई।

सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण-प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना संकल्प विरासत का, संरक्षण भी और विकास भी के परिणाम स्वरूप अयोध्या में रामलला की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, केदारनाथ धाम का नवनिर्माण, बद्रीनाथ क्षेत्र का विकास, करतार साहब कॉरिडोर को खुलवाना, हेमकुण्ड साहब और गिरनार में रोपवे बनाना, नमामि गंगे योजना, तिरुवल्लूर में कल्चरल सेन्टर बनाना आदि उल्लेखनीय कार्यों से भारत आत्मगौरव के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर दी। यह इतिहास की धारा को मोड़ने वाला निर्णय साबित हुआ है, इससे जम्मू-कश्मीर में खुशहाली की राह खुली है। देश की एकता व अखण्डता का ताना-बाना मजबूत हुआ है। आज स्थिति यह है कि जम्मू-कश्मीर के नागरिक आतंकियों की गतिविधियों के पुरजोर विरोध में खड़े हुये हैं

**आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस**- मोदी की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बहुत स्पष्ट है। पाकिस्तान के हुक्मरानों, पाकिस्तानी सेना, आईएसआई और उनके द्वारा पोषित आतंकवादी संगठनों ने भारत में समय-समय पर आतंकवादी हमले किये हैं, जिसमें निर्दोष भारतीयों की जानें गई हैं। मोदी ने सेना को पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई के लिए खुली छूट दी। भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डों एवं प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय के सामने भारत का पक्ष रखने के निए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल भेजने का फैसला लिया, जो सराहनीय कदम है। मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न युद्धों के दौरान शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों की पुण्य स्मृति में दिल्ली में राष्ट्रीय शौर्य स्मारक एवं नेशनल वॉर मेमोरियल निर्मित कराये गये। पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की गई। केंद्र सरकार ने देश के रक्षा बजट में काफी बढ़ोत्तरी की। रक्षा बजट जो वर्ष 2014 में 46,429 करोड़ रुपये था, वह 2024 में 1.27 लाख करोड़ हो चुका है। मेक इन इंडिया, डिफेंस स्टार्टअप की बदौलत रक्षा उत्पादन के मामलों में भारत आत्मनिर्भर होने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। स्वदेशी रक्षा उत्पादन जैसे तेजस लड़ाकू विमान, ब्रम्होस मिसाइल और अग्नि मिसाइल सिस्टम ने भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना दिया है। आज भारत लगभग 100 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। वही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने देश के विकसित प्रांतों में मध्यप्रदेश को अग्रणी प्रदेश बनाने की संकल्पबद्धता दिखाई है। प्रधानमंत्री के दिशा निर्देशन में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वन में म.प्र. लगातार अग्रणी रहा है। मोदी का मध्यप्रदेश से विशेष लगाव रहा है। उन्होंने मध्यप्रदेश के विकास के लिए टेक्सटाइल, टूरिज्म एवं टेक्नोलाजी (ट्रिपल टी) का मंत्र दिया है। अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए भोपाल में ''ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट'' आयोजित की गई। नया भारत विकसित भारत हो इसके लिये आधारभूत संरचना को मजबूत बनाना प्रधानमंत्री की प्राथमिकता है। नागरिकता संशोधन कानून, ई-गवर्नेन्स, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, अक्षय ऊर्जा में वृद्धि, पीएम गतिशक्ति आदि योजनाएं देश को विकसित एवं खुशहाल भारत की ओर ले जाने की दूरगामी पहल है। प्रधानमंत्री मोदी का जीवन राष्ट्रयज्ञ की समिधा है, और उनकी कामना रन्तिदेव की तरह राष्ट्र को वैभवपूर्ण बनाने की है। रन्तिदेव ने कहा था -''न त्वहं कामये राज्यं, न स्वर्ग न पुनर्भवम्। कामये दुःख तातानां, प्राणिनामार्ति नाशनम्।'' अर्थात् - न मुझे राज्य की कामना है, न स्वर्ग की और न पुनर्जन्म से छुटकारा पाने की। मेरी कामना तो यह है कि मैं दुखों से संतप्त प्राणियों के काम आ सकूं। इसी भावना से स्वप्नदृष्टा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को दुनिया के समृद्ध और शक्तिशाली देशों में शुमार करने की दिशा में सन्नद्ध व संकल्पबद्ध हैं।

*(लेखक, रक्षा उत्पादन, कार्मिक व संसदीयकार्य राज्यमंत्री रहे हैं)*

> डर और चिंता आपकी कल्पना के बेकाबू होने के परिणाम हैं। आप एक ऐसी स्थिति से दुखी हो रहे हैं जो शायद कभी घटित ही न हो।

## निशाना

### पद की है तलाश !



अवसर रहे निहार ।  
पद की है तलाश ।।  
ना रहना है आम ।  
बन ही जाना खास ।।  
गुणा भाग में माहिर ।  
जा रहा संदेश ।।  
पर पहले टटोलना ।  
बढ़े ना कलेस ।।  
दिख जाए पर जल्द ।  
नया कुछ अवतार ।।  
मनोरंजन की थोड़ी थोड़ी ।  
बहती रहे बयार ।।  
फैसला तो मान्य है ।  
पर कसक है बाकी ।।  
ना आई पर काम ।  
कोई भी चालाकी ।।

- **कृष्णेन्द्र राय**

## आज का इतिहास

- 1943 द्वितीय वायु युद्ध के दौरान ऑपरेशन चेजिस में जर्मन बांधों पर बमों को तैनात करने के लिए रॉयल एयर फोर्स डैंबर्स ने छापेमारी की।
- 1948 चेम वीज़ामेन इजरायल के पहले राष्ट्पति के रूप में चुने गए।
- 1960 रूबी लेजर, पहला काम करने वाला ठोस-राज्य लेजर, का आविष्कार 16 मई, 1960 को थियोडोर मैमन द्वारा ह्यूजेस रिसर्च लेबोरेटरीज में कैलिफोर्निया के मालिबू में किया गया था। इस उपकरण को ऑप्टिकल मेसर की अवधारणा पर बनाया गया था।
- 1960 अमेरिकी भौतिक विज्ञानी थियोडोर मैमन ने कैलिफोर्निया के मालिबू में ह्यूजेस रिसर्च लेबोरेटरीज में पहली वर्कशॉप संचालित की।
- 1961 पार्क चुंग-ही के नेतृत्व में सैन्य क्रांति समिति ने दक्षिण कोरिया के द्वितीय गणराज्य को समाप्त करने के लिए यूं बो-सियोन की सरकार के खिलाफ रक्तहीन तख्तापलट किया
- 1966 16 मई, 1966 को माओत्से तुंग, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ चाइना के अध्यक्ष द्वारा सांस्कृतिक क्रांति की शुरुआत की गई थी। क्रांति ने आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से देश को बुरी तरह प्रभावित किया।
- 1966 चीनी नेता माओत्से तुंग ने आधिकारिक रूप से चीन को उसके उदार बुर्जुआ तत्वों से छुटकारा दिलाने और क्रांतिकारी वर्ग संघर्ष जारी रखने के अभियान के रूप में सांस्कृतिक क्रांति की शुरुआत की।
- 1969 वेनेरा 5, सोवियत अंतरिक्ष कार्यक्रम वेनेरा में एक जांच, 16 मई, 1969 को शुक्र पर वायुमंडलीय डेटा संचित करने के लिए शुक्र पर उतरा था।
- 1974 जोसिप ब्रोज़ टीटो को 16 मई 1974 को यूगोस्लाविया के जीवन के लिए राष्ट्पति के रूप में फिर से चुना गया था। 87 साल की उम्र में 4 मई, 1980 को गैंग्रीन का निधन हो गया।

# स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं योजनाओं की समीक्षा में टीकाकरण कार्य पर दिया जोर

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

जिला प्रशिक्षण केंद्र नर्मदापुरम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. दिनेश देहलवार की अध्यक्षता में सोमवार 26 मई को जिले में संचालित समीक्षा वित्तीय वर्ष 2024-25 के समस्त नेशनल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं योजनाओं की लक्ष्य, उपलब्धि की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला टीककरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और विभिन्न विकासखंडों से आए संस्था प्रभारी,



बीपीएम और डेटा प्रवेश ऑपरेटर उपस्थित थे।बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के डॉ. कनेरे ने टीकाकरण कार्य की सफलता के लिए यूविन पोर्टल पंजीकरण, ओवरड्यू और टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने टीकाकरण से होने वाली बीमारियों के सर्वेक्षण और एमआर एवं एएफपी के मामलों की रिपोर्टिंग के बारे में भी बताया। सीएमएचओ ने सभी संस्था प्रभारियों को एफआईसी लक्ष्य के विरुद्ध 95त्न उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में एनसीडी ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन, परिवार कल्याण, टीबी, मलेरिया, डेंगू, कुष्ठ और अंधत्व सहित सीएम हेल्पलाइन पर चर्चा की गई। संस्थागत प्रसव बढ़ाने कुपोषित बच्चों का फॉलोअप, सिकल सेल एनीमिया, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना में सभी गर्भवती महिलाओं की जाँच कराने के लिये प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को शिविर आयोजित कराने के निर्देश दिये।

सीएमएचओ ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिनमें उनके वेतन को रोकना भी शामिल है। मातृ और शिशु मृत्यु की रिपोर्ट और एटॉप्सी करने के निर्देश दिए।

# अखंड सौभाग्य की कामना लेकर महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा-अर्चना



**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

अखंड सौभाग्य की कामना लेकर सोमवार को महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा कर देवी सावित्री के पतिव्रता धर्म स्मरण कर अखंड सौभाग्य की कामना की दरअसल सनातन धर्म में महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख, समृद्धि के लिए वर्ष में अनेक बार व्रत उपासना करतीं हैं। सोमवार को भी महिलाओं वट सावित्री व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को वट सावित्री का व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से दांपत्य जीवन में सुख, समृद्धि बनी रहती है। महिलाओं ने स्नान करने के बाद नगर मै लगे बरगदो के वृक्ष पर सूत लपेट कर 108 परिक्रमा की और पूजन किया। नगर के मंदिरों में जहां बरगद के वृक्ष हैं, वहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचे पंडित गोपाल शास्त्री के अनुसार वट वृक्ष में भगवान ब्रह्मा विष्णु महेश का वास माना जाता है वट सावित्री की पूजा करने के लिए सुबह से ही सुहागिन महिलाएं नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा करने बड़ी संख्या में पहुंची पूजा अर्चना कर अखंड सौभाग्य की कामना की पौराणिक कथा के अनुसार देवी सावित्री ने पति संकट से उबारने के लिए घोर तप किया जिससे प्रसन्न होकर यमराज ने पति सत्यवान के प्राण वट वृक्ष के नीचे ही लौटाए थे और वरदान भी दिया था कि जो सुहागिन वट वृक्ष की पूजा करेंगी उन्हें अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद मिलेगा वट सावित्री व्रत में सुहागिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नानादि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेती है सोलर श्रृंगार कर टोकरी में पूजा का समान लेकर वट वृक्ष के नीचे बैठकर वट सावित्री की कथा सुनती है

### कमिश्नर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# आगामी शैक्षणिक सत्र में स्कूल बसों की फिटनेस की जांच की जाए : कमिश्नर

**सर्वाइकल कैंसर के टीके लगाने के लिए शिविर आयोजित किए जाए**

**संभागायुक्त ने वन व्यवस्थापन के प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए**




**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदापुरम संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह आगामी शैक्षणिक सत्र में सभी स्कूलों की बसों की फिटनेस की जांच कराए, बस चलाने वाले ड्राइवरो के ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच कराई जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी स्कूल संचालकों से स्कूल में संचालित की जाने वाली बसों की जानकारी अनिवार्य रूप से ली जाए। कमिश्नर ने 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए सर्वाइकल कैंसर रोधी टीके लगाने हेतु ज्यादा से ज्यादा शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने जिले में शिविर आयोजित करवाकर 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीके लगाना सुनिश्चित करें। इसके लिए बजट की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वन व्यवस्थापन के सभी प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल पर अपलोड किए जाएं।

कमिश्नर श्री तिवारी ने हरदा बैतूल एवं नर्मदा परम जिले में चलाए जा रहे हैं जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए की जल गंगा संवर्धन अभियान में और अधिक प्रगति लाई जाए उन्होंने कहा कि खेत तालाब, प्राचीन कुए, बावड़ी एवं प्राचीन जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए और अधिक मेहनत से कार्य किया जाएं। कमिश्नर ने नजूल जमीन नवीनीकरण की रजिस्ट्री करने लीज एवं नामांतरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

कमिश्ननर ने निर्देश दिए की सभी कलेक्टर्स अपने अधिकारी एवं कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावली ई ऑफिस सिस्टम के माध्यम से ही लिखना सुनिश्चित करें, कोई भी गोपनीय चरित्रा वली मैनुअल के आधार पर ना लिखी जाए। उन्होंने लोक सेवा प्रदाय की गारंटी के तहत प्राप्त प्रकरण का शीघ्र ही निराकरण करने के निर्देश दिए। बताया गया कि बैतूल एवं नर्मदापुरम में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है लेकिन हरदा में एक प्रकरण लंबित है। कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन कराए जाने की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए और कहां की प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गत दिवस ली गई बैठक में दिए गए समय सीमा के अनुरूप ही जल जीवन मिशन का कार्य समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाए।

कमिश्नर ने आगामी पर्व एवं त्योहार के दौरान जिलों में कानूनी व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए, साथ ही निर्देश दिए की मुख्यमंत्री के भ्रमण के बाद भ्रमण कार्यक्रम की अनिवार्य रूप से समीक्षा की जाए और भ्रमण के दौरान यदि कोई कमी दिखाई दी हो तो उस पर विशेष तौर पर कार्य करते हुए अगले भ्रमण के दौरान उस कमी में सुधार किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की कुछ अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है एवं कुछ अधिकारियों का प्रकरण अपील में है ऐसे सभी अधिकारियों के लिए कलेक्टर की ओर से अभिमत मांगा गया है अतः सभी कलेक्टर्स अपना अभिमत दे ताकि संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, बैतूल कलेक्टर श्री नरेंद्र सूर्यवंशी, जिला पंचायत हरदा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया ऑनलाइन एवं उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जी सी दोहर एवं अन्य अधिकारी ऑफलाइन उपस्थित रहे।

# नगर परिषद नहीं कर रही दवा का छिड़काव, वाडों में गंदगी का अंबार

### मच्छरों के प्रकोप से नगरवासी हलाकान, नगर में जगह-जगह कचरे व गंदगी का ढेर

**विशाल रजक तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर परिषद की उदासीनता से इन दिनों सारा नगर परेशान है। नगर में सड़कों पर तो नियमित रूप से झाड़ू लग रही हैं, लेकिन नगर की नालियों की साफ सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई है। कई माह से नालियों की सफाई नहीं की गई है

वहीं वार्डों से कचरे का भी नियमित उठाव नहीं हो रहा है। परिणाम स्वरूप वार्डो में कचरे के बड़े बड़े ढेर लगे हुए हैं। नालियों की सफाई नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। बीते दो दिनों से नगर के वाट्सएप ग्रुप पर लोग नगर परिषद पर अपना गुस्सा भी जाहिर कर रहे हैं। लेकिन जिम्मदारों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही हैं।



### नियमित सफाई की मांग

नगरवासियों ने नगर परिषद के जिम्मदारों और वार्ड पार्षदों से मांग की हैं कि नगर में नियमित रूप से नालियों की सफाई की जाएगी। नालियों में कीटनाशकों के छिड़काव करने के साथ ही फॉगिंग मशीन से भी नियमित रूप से दवा का छिड़काव की व्यवस्था सुव्यवस्थित रूप करने की मांग की हैं

### दवा का नहीं हुआ छिड़काव

नगर परिषद हर वर्षो लाखों रुपए खर्च कर नगर की गलियों और नालियों में पनपने वाले कीट और मच्छरों से लोगों के बचाव हेतु कीटनाशक और ब्लिचिंग का कीटनाशक खरीदारी करती आ रही है। लेकिन बीतें करीब 2 वर्षा नगर की नालियों में नियमित रूप से ना तो ब्लिचिंग का छिड़काव हो रहा हैं, ना ही फॉगिंग मशीन नगर में घुमाई जा रही है। नगर में कुछ समय से मच्छरों की संख्या काफी बढ़ गई है। नगर परिषद के जिम्मदारों को इन सब से कोई सरोकार नहीं हैं

## साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर नगरवासियों ने कहा

नगर परिषद द्वारा हर वर्ष लाखों रुपयों के कीटनाशक की खरीदी के बाद भी महीनों से नालियों में ना तो इसका छिड़काव हुआ है। ना ही दो साल से नगर में फॉगिंग मशीन का उपयोग हुआ है। नगर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।



-रत्नेश जैन

नगर में वाकई में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। फॉगिंग मशीन से कीटनाशक के छिड़काव के साथ ही नियमित रूप रो नालियों में भी कीटनाशकों का छिड़काव किया जाना चाहिए।



-ऋषभ साहू

नगर की नालियों से मच्छर पनप रहे हैं नालियों में कई महीनो का पानी रुका हुआ है जिसमै पहले गंदगी बदबू का एहसास कराती है नगर परिषद को चाहिए कि नालियों की नियमित सफाई करवाएं ताकि परेशानी ना हो।



-सुदीप त्रिपाठी

सीएम राईज के बाजू में कचरा घर बनाए हुए हैं यह गंदगी का कचरा यहां से हवा में उड़कर स्कूल-कॉलेज के छात्रावासों ,लोगो घरों तक पहुंच रहा है। कचरे के कारण मच्छर भी काफी बढ़ गए हैं नगर परिषद कचरे का सही ढंग से निपटान नहीं कर रही है और न ही फाशिंग मशीन का उपयोग कर रही है इससे नगर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।



-सोनू राय

# कोशिश पर्यावरण सेवक टीम ने सकोरे व कपड़े के थैलों का नि:शुल्क वितरण किया

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

रोहाणी की इस भीषण गर्मी के बीच पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने के लिए कोशिश पर्यावरण सेवक टीम के प्रदेश प्रभारी शांतिलाल विश्नोई, नीमगांव ने अपनी ओर से निःशुल्क सकोरे वितरित किए। साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर नियंत्रण लगाने हेतु टीम ने अपनी ओर से कपड़े के झोले छपवाकर समाज में वितरित किए, जिससे कि आवश्यक कार्य हेतु बाजार जाते समय पालीथीन का इस्तेमाल ना करें ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके। टीम के नर्मदापुरम जिला प्रभारी ईश्वर विश्नोई ने समाज कार्य में सक्रिय रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी तथा मप्र जन



अभियान परिषद के सदस्यों को 40 सकोरे एवं 50 झोले बांटे। इस दौरान डॉ पूनम सिंह राजपूत, डॉ नवोदित राठौर, हरिदास दायमा ने युवाओं से आह्वान किया कि इन सकोरों को अपने घर, खलिहान तथा कार्य स्थल पर लगाएं एवं नियमित रूप से इनकी देखभाल करें।

## स्वस्थ्य यकृत मिशन का राज्य स्तर से ऑनलाइन हुआ प्रशिक्षण..

**नर्मदापुरम.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र भोपाल द्वारा नॉन एल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज भारत में हर 3 में से 1 वयस्क को प्रभावित करता है। मोटापा, मधुमेह, बैठे रहने की



जीवनशैली, मेटाबोलिक सिंड्रोम जैसे लक्षणो को पहचानने एवं उपाय के लिये सोमवार 26 मई को दोपहर 3 से 4 बजे तक ऑनलाइन प्रशिक्षण बेवेक्स के माध्यम से हुआ। जिले के समस्त मेडिकल ऑफीसर, एएनएम, सीएचओ, आशा कार्यकर्ताओं ने सेक्टर स्तरीय संस्था में उपस्थित होकर ऑनलाईन प्रशिक्षण प्राप्त किया। फैटी लीवर की समय रहते पहचान और नियंत्रण लिवर कैंसर को रोकने में कारगर साबित होता है।

## मंदिर के पास से शराब दुकान हटाने के लिए दिया ज्ञापन

**गंजबासौदा।** कांग्रेस के पार्षद दल द्वारा एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि रेलवे के द्वारा बाउंड्रीवाल बना देने से वार्ड क्रमांक एक से लेकर वार्ड चार तक के नागरिकों को निकलने में परेशानी हो रही है। नागरिकों को निकलने के एक जगह थी वहां भी शराब की दुकान



होने के कारण वहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है जिसके कारण स्कूली बच्चों को परेशानी होती है। और वहीं पर प्राचीन हनुमान ओर शिव मंदिर हैं। जहां श्रद्धालुओं को मंदिर जाने परेशानी होती है। विगत वर्ष भी ज्ञापन देकर शराब दुकान हटाने की मांग की गई थी। प्रशासन ने दुकान हटाने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन अभी तक नहीं हटाई गई है। अत: आमजन की समस्या को देखते हुए मंदिर के पास से शराब दुकान हटाई जाए।

**मेट्रो एंकर** लखपति दीदी ऋतू पटवा की प्रेरणादायक यात्रा...नारी शक्ति पर केंद्रित शासन की कल्याणकारी योजना के लाभ से आत्मनिर्भर बनने की दास्तां

# महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है माल्हनवाड़ा की ऋतु पटवा

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सार्थक परिणाम अब ज़मीनी स्तर पर दिखाई दे रहे हैं। ग्राम माल्हनवाड़ा, तहसील बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम की श्रीमती ऋतू पटवा की यात्रा इसका जीता-जागता उदाहरण है।

पहले ऋतू पटवा और उनके समूह की अन्य सदस्य केवल 1000 से 1500 रुपये प्रतिमाह की मजदूरी पर निर्भर थीं। वर्ष 2018 में जब गाँव में आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह का गठन हुआ, तब ऋतू ने भी इससे जुड़कर अपने जीवन को एक नई दिशा देने का निर्णय लिया। उन्होंने समूह के माध्यम से सीआरपी (कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन) का कार्य शुरू किया जिससे उनकी आय में



वृद्धि हुई।

इसके बाद ऋतू पटवा ने लखपति दीदी बनने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सीएलएफ से 1,20,000 रुपये की सहायता प्राप्त कर गांव में मनिहारी दुकान शुरू की। इस पहल से न सिर्फ उनकी खुद की आय बढ़ी, बल्कि गाँव की महिलाओं को भी शहर से सामान लाने की परेशानी से मुक्ति मिली। उन्होंने गुणवत्ता और सेवा को प्राथमिकता दी, जिससे ग्राहकों का विश्वास हासिल कर अपने व्यवसाय को स्थायित्व प्रदान किया।

ऋतू पटवा को मध्यप्रदेश शासन की लाडली बहना योजना से भी लाभ प्राप्त हुआ, जिसने उनके आत्मविश्वास और आर्थिक स्थिति को और अधिक मज़बूती दी। आज ऋतू पटवा न केवल मनिहारी दुकान चला रही हैं, बल्कि सिलाई कार्य और प्रशिक्षण भी दे रही हैं, जिससे उन्हें 17,500 रुपये तक की मासिक आय हो रही है।

इस संपूर्ण यात्रा में सरकार की योजनाओं, स्व-सहायता समूहों और स्वयं की मेहनत से ऋतू पटवा आज एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समाज के लिए प्रेरणास्रोत महिला के रूप में उभरी हैं। उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर किया, बल्कि सामाजिक पहचान भी अर्जित की है।

# टीएल बैठक में अनुपस्थित जिला योजना अधिकारी का वेतन काटने के निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनो की गहन समीक्षा की। उक्त बैठक में अनुपस्थित जिला योजना अधिकारी का आज का वेतन काटने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए है।

कलेक्टर ने जिले में संचालित सभी आंगनबाडी केन्द्र समय पर खुल रहे कि नहीं और केन्द्र के बच्चों को शासन की मंशा के अनुसार सुविधाएं प्रदाय की जा रही है कि नहीं इसके अलावा वितरित किए जाने वाले खाद्य पदार्थो की मानिटरिंग के लिए औचक निरीक्षण के कार्यवाहियां संपादित कराने के निर्देश समस्त एसडीएमो को दिए है। उन्होंने कहा कि पटवारियों से एक दिन आंगनबाडी केन्द्रो का औचक निरीक्षण कराएं।



कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाडी केन्द्रो में दर्ज ऐसे बच्चे जो छह वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है उन सबका स्कूलो में दाखिला सुनिश्चित हो। गरीब बच्चे जो आश्रम में रहकर पढ़ाई करना चाह रहे है उनका दाखिला आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित आश्रम स्कूलो में कराए जाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने सौ दिवस से लंबित समाधान रिपोर्ट के आधार पर विभागवार लंबित आवेदनो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन विभागो के संख्यात्मक रूप से आवेदन अधिक लंबित है उन विभागो को निराकरण के लिए विशेष पहल करनी होगी। उन्होंने सीमांकन संबंधी शिकायतो के निराकरण हेतु सभी एसडीएम व तहसीलदारो को विशेष तौर पर समाधान करने हेतु निर्देशि किया है। कलेक्टर ने कहा कि वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त होने वाले आवेदनो का निराकरण समय सीमा में हो यह संबंधित विभाग की नैतिक जबावदेंही है इस कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। इसी प्रकार के निर्देश न्यायालयीन प्रकरणो के मामलो में देते हुए संबंधित विभागो के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि न्यायालय में दाखिल होने वाले जबावो की एक प्रति जिला कार्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने आवासों से संबंधित प्राप्त होने वाले आवेदनो के निराकरणो हेतु जिला पंचायत व जनपदो के सीईओ को निर्देश दिए है कि इस प्रकार के आवेदनो का निराकरण शीघ्रतिशीघ्र करें ताकि जिन हितग्राहियों को आवास की सुविधा मिलनी है वह अधिक दिनो तक लंबित ना रहें। कलेक्टर ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को प्रत्येक माह की दस तारीख को आयोजित होने वाले सम्मान, विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं विभागो के अधिकारियों से कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सम्मान में स्वंय कलेक्ट्रेट के सभागार में मौजूद रहें और उनके तमाम देयको का भुगतान सेवानिवृत्त तिथि के एक दिन पूर्व कराया जाना सुनिश्चित करें।

### टेम मध्यम से सिंचाई परियोजना के विस्थापितो हेतु गठित समिति की बैठक सम्पन्न

# विस्थापितों की समस्याओं का शीघ्र होगा समाधान : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को टेम मध्यम सिंचाई परियोजना के विस्थापितो हेतु गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि विस्थापितो की सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र कराया जाएगा। इस दौरान बतलाया गया कि टेम मध्यम सिंचाई परियोजना हेतु भू-अर्जन की प्रक्रिया पूर्ण की गई है। परियोजना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति, सैंच्य क्षेत्र, कुल जल भराव क्षमता, जीवित जल भराव क्षमता, बांध के डूब क्षेत्र की भूमि और विदिशा जिले में डूब प्रभावित भूमि के संबंध में संजय सागर बाह्य परियोजना की कार्यपालन यंत्री सुश्री प्रियंका भण्डारी के द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया है कि विस्थापन संबंधी कार्य आदर्श कालोनी के रूप में किया जाए। उन्होंने कालोनी के बीच में स्कूल और आंगनबाडी केन्द्र बनाए जाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि एक गौशाला भी बनाई जाएं। उन्होंने प्रत्येक विस्थापितो को प्रदाय की जाने वाली राशि बैंक खातो में जमा की जा रही है अतः उन सबका जीवन ज्योति बीमा के तहत बीमा अवश्य कराया जाए।



बैठक में बताया कि टेम मध्यम सिंचाई परियोजना से प्रभावित कृषको की कुल संख्या 722 है जिसमें से 648 कृषको को आवार्ड पारित राशि का भुगतान किया जा चुका है। 74 कृषको की राशि भुगतान हेतु लंबित है। प्रभावित 1167 परिवारो के लिए पुर्नवास एवं पुर्नव्यवस्थापन कार्य किए जा रहे है जिनमें बिजली पानी, सीसी सडके, पक्की नालियां, पुलिया आदि का निर्माण किया जाएगा। इन परिवारो के निवास हेतु 800 वर्ग फुट भूखण्ड, प्रायमरी स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाडी भवन, खेल का मैदान, चैपाल, शांति धाम, धार्मिक स्थल मंदिर, सामुदायिक भवन, पार्क और शौचालय का निर्माण कार्य शामिल है।

टेम मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत प्रभावित भूमि अर्जन के कारण तहसील लटेरी के ग्राम दपकन, नैनागढ़, धीरगढ़ एवं बैरागढ़ में 440 व्यक्तियों के मकान प्रभावित हो रहे हैं। जिसमें प्रभावित मकान धारकों के अलावा अधिनियम 2013 की धारा 3ड के तहत सर्वेक्षित 727 कुटुंब भी निवासरत हैं, इस प्रकार तहसील लटेरी में कुल 1167 प्रभावित कुटुंबों का पुनर्व्यवस्थापन किया जाना है। उपरोक्तानुसार परिवारों (कुटुंबों) को जो प्रभावित मकानों में स्थाई रूप से निवासरत हैं तथा जिनके अन्यत्र स्थानों पर निवास हेतु मकान नहीं है, को विस्थापित क्षेत्र में भूमि पुनर्व्यवस्थापन क्षेत्र के रूप में चिन्हित कर शासकीय आवासीय पट्टे 40म20 = 800 वर्गफुट साईज के भूखंड प्रदाय किये जाएंगे। जिसकी समय सीमा भू-अर्जन प्रकरणों में अवार्ड पारित होने के उपरांत तीन माह होगी। अधिनियम 2013 की दूसरी अनुसूची अनुसार प्रभावित कुटुंबो का निम्नानुसार पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन सहायतायें, सुविधायें दी जाएंगी।

ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावित किसी मकान से वंचित किये जाने की दशा में प्रधानमंत्री आवास योजना विनिर्देशों के अनुसार एक निर्मित मकान उपलब्ध कराया जाएगा जिसका कुर्सी क्षेत्र 50 वर्गमीटर से कम नहीं होगा।

कंडिका-1 में वर्णित फायदों को ऐसे किसी प्रभावित कुटुंबों को, जो वासक्षेत्र भूमि से रहित है और जो प्रभावित क्षेत्रों की अधिसूचना की तारीख के पूर्ववर्ती तीन वर्ष से अन्यून अवधि तक लगातार क्षेत्र में रह रहा है और जिसे ऐसे क्षेत्र से अनिच्छा से विस्थापित किया गया है भी विस्तारित किया जाएगा।

यदि कोई प्रभावित कुटुंब जो प्रस्थापित मकान को न लेने का विकल्प करता है, तो निर्मित मकान के बदले मकान के समतुल्य खर्च प्रधानमंत्री आवास योजना विनिर्देशों के अनुसार प्रस्थापित किया जा सकेगा। अर्जन से प्रभावित किसी कुटुंब को इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन एक से अधिक मकान नहीं दिया जाएगा।

ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब, को पाँच लाख रूपये का एक बारगी संदाय दिया जाएगा। ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब, जिसे अर्जित भूमि से विस्थापित किया गया है, को अधिनिर्णय की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक प्रतिमास तीन हजार रूपये के समतुल्य मासवार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब जो विस्थापित हुआ है, कुटुंब, भवन सामग्री, घरेलू सामग्री और पशुओं के स्थानांतरण के लिए परिवहन खर्च के रूप में एक बार पचास हजार रूपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। पशु या छोटी दुकान रखने वाले प्रत्येक प्रभावित कुटुंब ऐसी रकम की वित्तीय सहायता यथास्थिति, पशुबाड़े या छोटी दुकान के निर्माण के लिए, एक बारगी ऐसी रकम की वित्तीय सहायता प्राप्त करेगा जो समुचित सरकार द्वारा, न्यूनतम पच्चीस हजार रूपये की सीमा के अधीन रहते हुए अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए।

किसी कारीगर, छोटे व्यापारी या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित कुटुम्ब या ऐसे प्रभावित कुटुंब जिसके स्वामित्वाधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर-कृषिक भूमि या वाणिज्यिक, औधोगिक या संस्थागत ढांचा है और जिसे भूमि अर्जन के कारण प्रभावित क्षेत्र से अस्वैच्छिक रूप से विस्थापित किया गया है, ऐसी रकम की एक बारगी वित्तीय सहायता पाएगा जो समुचित सरकार द्वारा न्यूनतम पच्चीस हजार रूपये की सीमा के अधीन रहते हुए अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए।

## शांतिनाथ भगवान का कल्याण जन्म दिवस पर अभिषेक, शांति धारा का अयोजन



**सिरोंज।** सोमवार को देवाधिदेव श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का जन्म तप निर्वाण कल्याणक दिवस भव्य रूप से सुभाष नगर हाजीपुर दि.जैन मंदिर में मनाया गया। जिसमें प्रातः काल भगवान का अभिषेक ,शांति धारा, पूजन, विधान एवं निर्वाण लाडू श्री जी को समर्पित किया गया। सोमवार को जैन धर्म के 16 वें तीर्थंकर भगवान श्री1008 शांतिनाथ भगवान का जन्म ,तप,मोक्ष कल्याणक महा पर्व बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया । प्रातः काल की बेला में मंगलाष्टक अभिषेक एवं शांति धारा तत्पश्चात 16 दिवसीय श्री1008शांति विधान पं वागमल भौंरिया के निर्देशन में संपन्न हुई । जिसमें प्रथम दिवस सौधर्म इंद्र का सौभाग्य सवाई सिंघई देवेंद्र कुमार श्रीमती किरण जैन सत्यम, नेहा ,विधि जैन रितेश जैन,अर्पित जैन वारवी,अर्हम भूपत परिवार को प्राप्त हुआ। एवं प्रथम शांति धारा का सौभाग्य श्रेष्ठी श्री मुन्ना लाल मनोज कुमार अनिल कुमार हृदयेश कुमार योगेश कुमार जैन रुसल्ली परिवार को प्राप्त हुआ द्वितीय शांति धारा का सौभाग्य श्रेष्ठी पंडित देवेंद्र कुमार बबलू अरविंद राजकुमार, छोटू एवं अखिलेश जैन भौरिया परिवार को प्राप्त हुआ निर्वाण लाडू का सौभाग्य श्रेष्ठी राजकुमार प्रदीप कुमार पंकज कुमार को प्राप्त हुआ।श्रावक श्रेष्ठी सुरेश चंद राजेश कुमार मुकेश कुमार दिनेश कुमार जैन कौछल को मिल निर्वाण लाडू बनाने का सौभाग्य श्रीमती नीता योगेश जैन हुआ।

## पोस्ट ऑफिसकर्मियों पर लगा धोखाधड़ी का आरोप, एसडीएम दिया शिकायती पत्र

**तेंदूखेड़ा।** सहजपुर निवासी मुन्ना टेनगुरिया ने एसडीएम के नाम एक शिकायती आवेदन दिया है जिसमें उल्लेख किया है कि पूर्व में तेंदूखेड़ा पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने गया था जहां मुझसे जीरो बैलेंस वाले खाता खुलवाने के 200 रूपये लिए गए जब मैंने पूछा तो मुझे बोला गया कि इतने ही पैसे खाता खुलवाने के लगेंगे खुलवाना है तो खुलवाओ पैसे लेकर मेरा खाता खोला गया जिसमें खाता खुलवाने के बाद किसान सम्मान निधि के पैसे जमा हुए फिर कुछ दिन बाद मेरे खाते को जब मैंने चेक करवाया तो मुझे पता चला कि मेरे बिना पोस्ट ऑफिस जाए गए मेरी बिना अनुमति के मेरे खाते से राशि 7075 रूपये और दूसरी बार 2000राशि निकाल ली गई कुलराशि 9075,रूपये मेरे खाते में किसी अन्य का मोबाइल नंबर अपडेट कर दिया गया था जब मैं बैंक की शाखा में जानकारी लेने गया तो उन्होंने मेरा मोबाइल नंबर मेरे खाते में अपडेट कर दिया जब मैं बैंक कर्मचारियों से अपने पैसे मांगे तो मेरे ऊपर ही आरोप लगाकर मुझसे कहा कि जहां जाना है चले जाओ कर्मचारी ने अपने आरोप लगाते हुए कहा कि आपने ही पैसा निकलवाया है और जब मैं इंडियन पेमेंट बैंक की हेड ऑफिस दमोह गया तो वहां से मुझे जानकारी प्राप्त हुई कि मेरे खाते से शाखा के कर्मचारी दिनेश साहू जिसकी आईडी 1376530 से दिनांक 25 मई को 7075 और अमनप्रीत आईडी 1622 858 से दिनांक 3 मई 25 को 2000रूपये की राशि निकाली गई है मुझे मेरे पैसे वापस दिलाने और ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है इस संबंध में एसडीएम सौरभ गंधर्व का कहना है कि शिकायती आवेदन मेरे पास आया है जिसमें पोस्ट ऑफिस के दो कर्मचारी के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई है मैं इस संबंध में पोस्ट ऑफिस के प्रबंधक से बात की है उनका कहना है हम जानकारी प्राप्त करते दमोह से यदि इसमें किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाएगी तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ पोस्ट ऑफिस विभाग के उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजकर कार्यवाही करवाई जाएगी।



## आईटीआई में इच्छुक आवेदक पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग 31 मई तक करें

**सिरोंज।** विदिशा जिले की 3 शासकीय आईटीआई ग्यारसपुर, नटेरन एवं कुरवाई में प्रवेश सत्र 2025-26 में प्रत्येक आईटीआई में 6 नवीन ट्रेड की प्रारंभ किए गए हैं। संस्थाओं में कोपा, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, सोलर टेक्निशियन, मेकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल, एवं ड्रोन टेक्नॉलजी ट्रेड प्रारभं किए गए है। विदिशा जिले की कुल 7 शासकीय आईटीआई (विदिशा, गंजबासोदा, सिरोंज, लटेरी, ग्यारसपुर, नटेरन, कुरवाई) में 19 ट्रेड (कारपेंटर, कंप्युटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टन्ट, टर्नर, सोलर टेकनीशियन, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रानिक्स मेकेनिक, मेकेनिक मोटर व्हीकल, मेकेनिक डीजल, मेकेनिक ट्रैक्टर, स्टेनो हिन्दी, एवं वेल्डर, सूइंग टेक्नॉलजी) संचालित हैं। विदिशा जिले की शासकीय आईटीआई में कुल 1224 सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही की जानी है। आईटीआई के प्रभारी प्राचार्य आलोक रावत ने बताया कि आईटीआई में प्रथम चरण में प्रवेश हेतू इच्छुक आवेदक पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग 31 मई 2025 तक करा सकेंगे।

## मटन दुकानों में लापरवाही मिलने पर बनाए चालान




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सोमवार को नगरपालिका परिषद के अमले ने नगर के समस्त मांस, मछ्ली, मटन विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें मण्डी बायपास रोड, दरीवालान आदि क्षेत्र की दुकानों का निरीक्षण किया गया नियमों के अनदेखी करने पर न 1500/- रू की चालानी कार्यवाही की गई। तथा दुकानदारों को मांस ढककर विक्रय करने एवं साफ सफाई रखने एंव नियमानुसार दुकानों का संचालन करने हेतु आदेशित किया गया। एवं सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई कि जो भी मांस विक्रय शासन के नियमानुसार पालन न करते हुए विक्रय करते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध लायसेंस निरस्त करने की जावेगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, ने सभी व्यापारियों नियमानुसार लायसेंस प्राप्त कर ही व्यवसाय करें तथा खाद्य सामग्री को ढककर रखें। उक्त निरीक्षण कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक मनीष कुमार, प्रभारी दरोगा आकाश , विक्रम मैना, राज किरण , छोटे खा, अलीम मियां आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## संघ शिक्षा वर्ग का समापन समारोह 1 जून को, प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग (विद्यार्थी) का समापन कार्यक्रम 1 जून को आयोजित किया जाएगा। वर्ग 18 मई से चल रहा है, जिसमें शिक्षार्थी संघ कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वर्ग में सोमवार को प्रचार विभाग की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। इससे पूर्व सेवा विभाग की प्रदर्शनी भी वर्ग में लगाई गई।



इसका उद्घाटन प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता और वर्ग के सर्वाधिकारी प्रह्लाद सबनानी ने किया। वर्ग कार्यवाह त्रिवेश लोधी, प्रांत सह कार्यवाह संतोष मीणा भी उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी में बताया गया है कि समाज के बीच सकारात्मक एवं रचनात्मक जानकारी का प्रसार किन माध्यमों से किया जा सकता है। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का परिचय भी प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और राष्ट्रीय विचार के प्रमुख संगठनों के अधिकृत वेबसाइट एवं सोशल मीडिया हैंडल्स की जानकारी भी दी गयी है। प्रदर्शनी के माध्यम से शिक्षार्थियों को बताया गया है कि सोशल मीडिया में क्या करना चाहिए और क्या नहीं। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय बहुत सावधानी बरतनी चाहिए।, इससे पूर्व प्रदर्शित सेवा विभाग की प्रदर्शनी में सेवा कार्यों की जानकारी देने के साथ यह भी बताया गया है कि सेवा कार्य कैसे किये जाते हैं। इस हेतु सेवा कुटी का निर्माण भी वर्ग स्थान पर किया गया है। इसके अलावा बौद्धिक विभाग में देश-समाज के उत्थान में अपना योगदान देने वाले महापुरुषों का जीवन परिचय भी प्रदर्शनी में लगाया है।

**मेट्रो एंकर** विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 से 12 जून तक : कलेक्टर ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# विदिशा जिले के 135 ग्रामों में 45 शिविर आयोजित होंगे 27000 कृषक होंगे शामिल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में विकसित कृषि संकल्प अभियान के जिले में क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित कर कृषि सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का क्रियान्वयन विदिशा जिले में 29 मई से प्रारंभ होगा जो 12 जून 2025 तक जारी रहेगा।

अभियान के अंतर्गत विदिशा जिले के सातों विकासखंड विदिशा, ग्यारसपुर, बासौदा, नटेरन, सिरोंज, लटेरी और कुरवाई के कुल 135 ग्रामों में 45 शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें 27000 कृषक बंधु सम्मिलित होंगे। इन शिविरो में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषक बंधुओ से चर्चा कर कृषि से संबंधित विषयों पर आवश्यक कृषि से संबंधित तकनीकी सुझाव व मार्गदर्शन दिया जाएगा।



कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में यह अभियान सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वित हो का विशेष ध्यान रखें।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयोजित शिविरों में किसानों से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। जिनमें किसानों को मृदा परीक्षण के लाभ एवं सही विधि, जीएपी पर किसानों से चर्चा करना, ग्राम वार अनुसार फसल एवं फसलों की उन्नत किस्मों पर चर्चा, सोयाबीन फसल का जिले में कम उत्पादन होने के कारणों पर चर्चा, जैविक खेती, परंपरागत खेती एवं प्राकृतिक खेती आदि पर चर्चा, जल की उपयोग क्षमता बढ़ाने पर चर्चा, जिले में अनुशन्शित बीच दर से अधिक उपयोग पर चर्चा, फसलों के अवशेष प्रबंधन पर चर्चा, खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक पर चर्चा और एकीकृत कृषि प्रणाली पर चर्चा की जाएगी।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में सम्पन्न हुई तैयारियों संबंधी बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोड़िया के अलावा कृषि वैज्ञानिक, उप संचालक कृषि, उद्यानिकी, कॉ-आपरेटिव बैंक, सहकारिता, पशु चिकित्सा सेवाएं सहित अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

यूरोपा लीग : टॉटनहैम ने 41 साल बाद जीता खिताब, चैंपियंस लीग के लिए किया क्वालीफाई

# खिताबी मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से दी शिकस्त, जॉनसन ने दागा विजयी गोल

**बिलबाओ (स्पेन). एजेंसी**

पिछले चार दशक से यूरोपीय फुटबॉल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए जूझ रहे टॉटनहैम हॉटस्पर का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब टॉटनहैम ने यूरोपा लीग के खिताबी मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर 41 साल बाद यह खिताब अपने नाम कर लिया। टॉटनहैम ने 126 करोड़ रुपए की इनामी राशि अपने नाम की और यूएफा चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई भी कर लिया। मैच का एकमात्र गोल ब्रेनन जॉनसन ने 42वें मिनट में किया।



## दबाव बनाकर भी गोल नहीं कर पाई यूनाइटेड

इस खिताबी मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लगातार दबाव बनाए रखा। 74 प्रतिशत मौकों पर गेंद यूनाइटेड के खिलाड़ियों के पास रही। टीम ने 16 बार शॉट मारा, 6 बार बॉल टारगेट पर भी गई, लेकिन एक भी गोल नहीं हो पाया। टॉटनहैम का सिर्फ एक शॉट टारगेट पर गया और गोल हुआ। मैच के दौरान 26 प्रतिशत समय ही गेंद टॉटनहैम के कब्जे में रही।

**कम पड़े मेडल–** फाइनल मैच के बाद विजेता व उपविजेता टीम को मेडल पहनाए जाते हैं। लेकिन इस बार मेडल कम पड़ गए, जिससे टॉटेनहैम के कप्तान सोन हुंग मिन समेत कई खिलाड़ी बिना पदक के रह गए। इसके लिए सोशल मीडिया पर आयोजकों को काफी ट्रोल किया जा रहा है।

## प्रीमियर लीग में किया निराश

इंग्लैंड के प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड और टॉटनहैम दोनों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। 37 मैचों में 39 अंकों के साथ यूनाइटेड 16वें और इतने ही मैच में 38 अंकों के साथ टॉटनहैम की टीम 17वें नंबर पर है। इस हार के साथ ही मैनचेस्टर यूनाइटेड की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। मैनचेस्टर यूनाइटेड टीम को यह खिताब जीतने पर 1144 करोड़ रुपए का फायदा हो सकता था, लेकिन टीम चूक गई।

आईपीएल में पंजाब ने टॉप-2 में जगह पक्की की

# आज जीती तो क्वालिफायर-वन खेलेगी आरसीबी, हारी तो एलिमिनेटर खेलना पड़ेगा

**मुंबई, एजेंसी**

आईपीएल में लीग स्टेज का आखिरी मैच आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच होगा। आरसीबी अगर जीती तो टॉप-2 में पहुंच जाएगी। वहीं एलएसजी जीती तो बेंगलुरु को एलिमिनेटर खेलना पड़ेगा। दूसरी ओर, सोमवार को पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर क्वालिफायर-1 में अपनी जगह पक्की कर ली।

**पंजाब खेलेगी क्वालिफायर-1, मुंबई एलिमिनेटर में :** जयपुर में सोमवार को मुंबई इंडियंस ने पहले बैटिंग करते हुए 184 रन बनाए। पंजाब ने महज 1 विकेट खोकर 19वें ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। पंजाब के 14 मैचों में 9 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 19 पॉइंट्स हो गए। टीम नंबर-1 पर पहुंच गई और क्वालिफायर-1 में अपनी जगह भी पक्की कर ली। मुंबई के 14 मैचों में 8 जीत और 6 हार से 16 पॉइंट्स हैं। टीम ने चौथे नंबर पर अपना लीग स्टेज फिनिश किया। इसी से तय हो गया कि टीम 30 मई को एलिमिनेटर खेलेगी। वहीं आज आरसीबी का मैच रद्द से होगा। बेंगलुरु 13 मैचों में 8 जीत और 1 बेनतीजा मुकाबले से 17 पॉइंट्स लेकर तीसरे नंबर पर है। आज का मैच जीतकर बेंगलुरु टॉप-2 में पहुंच जाएगी और क्वालिफायर-1 में अपनी जगह पक्की कर लेगी। टीम हार गई तो उन्हें एलिमिनेटर खेलना पड़ेगा।

**एलएसजी बिगाड़ सकती है बेंगलुरु का खेल:** लखनऊ सुपरजायंट्स प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है, टीम के 13 मैचों में 6 जीत और 7 हार से 12 पॉइंट्स हैं। आज का मैच जीतकर टीम 14 पॉइंट्स लेकर छठे स्थान पर फिनिश करेगी। हारने पर टीम 7वें नंबर पर ही रहेगी। हालांकि, लखनऊ ने अगर बेंगलुरु को हरा दिया तो रद्द उन्हें एलिमिनेटर खेलने पर मजबूर कर देगी। आईपीएल में फाइनल खेलने के लिए प्लेऑफ सिस्टम अपनाया जाता है, जिसमें टॉप-2 पोजिशन में फिनिश करने वाली टीमें क्वालिफायर-1 में भिड़ती हैं। इस मुकाबले को जीतने वाली फाइनल में पहुंचती है, वहीं हारने वाली टीम के पास फाइनल में पहुंचने का एक और मौका रहता है।

# 2027 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप बीजिंग में

## ग्लासगो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स परिषद की बैठक में फैसला

**बीजिंग, एजेंसी**



चीन के बीजिंग में 2027 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैम्पियनशिप से पहले ग्लासगो में आयोजित 234वीं वर्ल्ड एथलेटिक्स परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक से पहले इतावली एथलेटिक्स महासंघ ने रोम की दावेदारी को वापस ले लिया। जिसके बाद बीजिंग के लिए रास्ता साफ हो गया। इटली की सरकार ने पैसे देने से मना कर दिया, जिसके बाद इतावली एथलेटिक्स महासंघ ने दावेदारी से अपने हाथ पीछे खींच लिए। चीन दूसरी बार वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन कर रहा है। 2015 में चीन में इसका आयोजन हो चुका है। वहीं चीन में अगले साल नानजिंग में इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की भी मेजबानी कर रहा है। 2008 में चीन ने बीजिंग में ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक और 2022 में शीतकालीन खेलों की मेजबानी की। वर्ल्ड एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक बयान में कहा, यह दुनिया के सबसे बड़े वाणिज्यिक बाजारों में से एक में हमारे खेल और प्रशंसक आधार को बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप और ओलिंपिक गेम्स में जेवलिन में गोल्ड जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने पिछले साल ज्यूरिख में डायमंड लीग के 2027 के लिए बोली लगाने का दावा किया था। नीरज ने ज्यूरिख में डायमंग लीग के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में भारत की वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी की संभावना के बारे में पूछे जाने पर नीरज ने कहा था, भारत 2027 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबनी की बोली लगाने जा रहा है।

**ल्यूटन, एजेंसी**

हालैंड ने अपना पहला गोल तीसरे और दूसरा गोल 18वें मिनट में किया। उन्होंने अपनी हैट्रिक 40वें मिनट में पूरी की। इसके बाद उन्होंने तीन मिनट के अंदर दो गाल कर दिए। उन्होंने 55वें मिनट में अपना चौथा और 58वें मिनट में पांचवां गोल दागा। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के दमदार प्रदर्शन के दम पर मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप फुटबॉल के मुकाबले में ल्यूटन टाउन को 6–2 से करारी शिकस्त दी। इस जीत में हालैंड चमके जिन्होंने पांच गोल किए। उनके चार गोल करने में केविन डि ब्रुईन ने मदद की। हालैंड ने दूसरी बार क्लब के लिए एक मैच में पांच गोल दागे हैं। माटेयो कोवाकिक (72वें मिनट) ने सिटी के लिए छठा गोल किया, जबकि जॉर्डन क्लार्क (45 व 52वें मिनट) ने ल्यूटन के लिए दो गोल किए। मैच में हालैंड के पास दोगनी हैट्रिक करने का मौका था, लेकिन टीम के कोच पेप गॉर्डियोला ने उन्हें 77वें मिनट में मैदान से बाहर भेज दिया और उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी जूलियन अल्वारेज को मैदान पर उतारा।

# अर्लिंग हॉलैंड ने दो बार पांच गोल कर जीता मैच



**40वें मिनट में हैट्रिक की पूरी:** हालैंड ने पहला गोल तीसरे व दूसरा गोल 18वें मिनट में किया। उन्होंने हैट्रिक 40वें मिनट में पूरी की। इसके बाद उन्होंने तीन मिनट के अंदर दो गाल कर दिए। उन्होंने 55वें मिनट में अपना चौथा व 58वें मिनट में पांचवां गोल दागा। एफए कप के अन्य मुकाबलों में न्यूकैसल ने पेनाल्टी शूटआउट में ब्लैकबर्न रोवस को 4–3 से हराया।



## मेट्रो बाजार

# अमरीका-जापान में बढ़ता बॉन्ड यील्ड ग्लोबल इकोनॉमी में खतरे का संकेत


**नईदिल्ली, एजेंसी**



दुनियाभर में बॉन्ड प्रतिफल का बढ़ना बड़े संकट का संकेत हो सकता है। हालांकि, एनालिस्ट्स का कहना है कि भारत में स्टॉक-बॉन्ड मार्केट दूसरे देशों के मुकाबले मजबूत स्थिति में हैं। अमरीका में 30 साल के बॉन्ड का प्रतिफल 5.09 फीसदी हो गया है। जापान में भी 40 साल के बॉन्ड्स की यील्ड 3.5 फीसदी पर है। अमरीका में यील्ड बढ़ने की वजह फिस्कल डेफिसिट बढ़ना है। इंटरेस्ट रेट में कमी नहीं होने से ट्रंप सरकार को कर्ज का ब्याज चुकाने में दिक्कत आ रही है। इससे बॉन्ड्स में निवेशकों की दिलचस्पी घटी है। अमरीका में सरकार के कर्ज और जीडीपी का रेश्यो 122 फीसदी पर पहुंच गया है। जापान में यह यह रेश्यो 255 फीसदी है। कर्ज-जीडीपी का रेश्यो इस स्तर पर पहुंचना वित्तीय स्थिरता के लिए ठीक नहीं है। अमरीका में बॉन्ड ऑक्शन हुआ, उसकी डिमांड बेहद खराब रही। इससे अमरीकी इकोनॉमी को लेकर घबराहट बढ़ गई है। वहां नया टैक्स कानून आने वाला है, इससे कर्ज में 5 लाख करोड़ डॉलर की और बढ़ोतरी हो सकती है। एलारा कैपिटल से सीईओ राज भट्ट ने कहा, इस साल अमरीका को 7 लाख करोड़ डॉलर के कर्ज की नीलामी करनी है। सवाल ये है कि यह डेट कौन खरीदेगा? चीन पहले से ही अमरीकी बॉन्डों को बेच रहा है और सोना खरीद रहा है। अगर ट्रंप इस समस्य का समाधान नहीं कर पाए तो स्थितियां बिगड़ जाएंगी।

# ट्रेड डील: अमरीका से हो सकता है व्यापार समझौता

**नईदिल्ली, एजेंसी**



द्विपक्षीय समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहे भारत और अमरीका के बीच अब अधिकतर मसले सुलझा लिए गए हैं और नॉन-टैरिफ बैरियर्स जैसे कुछ मुद्दे ही हैं, जिन्हें सुलझाया जाना है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच 8 जुलाई से पहले एक मिनी एग्रीमेंट का ऐलान हो सकता है, जिसके चलते भारत को अमरीका के 26त्न रेसिप्रोकल टैरिफ से राहत मिल जाएगा। अधिकारी ने बताया कि करीब 90त्न मामलों पर सहमति बन गई है। कृषि और डेयरी उत्पादों सहित कुछ मुद्दे हैं, जिनमें अमरीका ज्यादा रियायत चाहता है। वहीं हम चाहते हैं कि अमरीका टेक्सटाइल्स और लेदर सहित ज्यादा श्रम की जरूरत वाले सेक्टरों के लिए नॉन-टैरिफ बैरियर्स में नरमी दिखाए। जीएम मक्का, सोया और अखरोट दोनों देशों के बीच बातचीत के अहम बिंदु हो सकते हैं। अधिकारी ने कहा कि कृषि और डेयरी प्रोडक्ट्स के मामले में अमरीका के लिए एक मिनिमम इंपोर्ट प्राइस तय किया जा सकता है, जो दूसरे देशों के उत्पादों से कम होगा। अधिकारी ने कहा, इस पर सहमति बनती दिख रही है और जल्द एक मिनी एग्रीमेंट हो सकता है। हम चाहते हैं कि 26त्न रेसिप्रोकल टैरिफ के साथ अभी लागू 10त्न बेस टैरिफ से भी भारत को बाहर रखा जाए। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अमरीका की यात्रा के दौरान वॉशिंगटन में अपने समकक्ष हावर्ड लुटनिक के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत में तेजी लाने के लिए चर्चा की है। वाणिज्य मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल और उनकी टीम अभी अमरीकी अधिकारियों से बातचीत कर रही है। ईयू से भी जल्द समझौता जल्द: भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) जुलाई तक प्रारंभिक व्यापार समझौते को पूरा करने पर विचार कर रहे हैं।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# सलमान के साथ काम करने के लिए उतावली थीं प्रिंयका चोपड़ा, 'भारत' में कास्टिंग के लिए बहन अर्पिता को किए हजार कॉल्स



इन दिनों सलमान खान का एक पुराना इंटरव्यू चर्चा में है, जिसमें उन्होंने ये दावा किया था कि प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म भारत में काम करने के लिए उनकी बहन के पास हजार कॉल्स किए थे। हालांकि कास्टिंग होने के बाद उन्होंने शूटिंग शुरू होने के बाद फिल्म छोड़ दी थी। सलमान खान ने एक इंटरव्यू में प्रियंका के फिल्म छोडऩे के फैसले पर कहा था, उनके लिए ये फैसला लेना काफी मुश्किल रहा होगा, क्योंकि वो वाकई इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थीं। उन्होंने अर्पिता (सलमान की बहन) को हजार बार कॉल कर कहा था कि मैं सलमान के साथ काम करना चाहती हूं। इतना ही नहीं उन्होंने डायरेक्टर अली अब्बास जफर को कॉल करके भी कहा था कि देख लीजिए अगर फिल्म में कोई रोल हो सके तो। उसी इंटरव्यू में सलमान ने ये भी कहा था कि प्रियंका चोपड़ा ने निक जोनस से होने वाली सगाई के चलते भारत छोड़ी थी। ये बात उन्होंने खुद सलमान से कही थी। इस पर सलमान ने उनसे कहा था कि अगर सगाई है तो भी फिल्म कर सकती हो, लेकिन बाद में प्रियंका ने कहा कि उन्हें शादी भी करनी है। फिल्म लवयात्री के प्रमोशनल इवेंट में सलमान ने बताया था कि फिल्म भारत की शूटिंग शुरू हो चुकी थी। प्रियंका ने अपना शेड्यूल शुरू होने के महज 10 दिनों पहले फिल्म छोडऩे की खबर दी थी। उनके जाने के बाद कटरीना कैफ को अप्रोच किया गया था। उस समय कटरीना, आमिर खान के साथ ठग्स ऑफ हिंदोस्तान और शाहरुख खान के साथ जीरो में काम कर रही थीं, ऐसे में उनके लिए डेट्स निकाल पाना काफी मुश्किल था। इसके बावजूद कटरीना फिल्म करने के लिए राजी हो गई थीं।

• शाहरुख को बताया नाइट पर्सन

# गौरी खान बोलीं- हमारे घर में आधी रात तक सब जागते हैं...



शाहरुख खान की वाइफ गौरी खान फिल्म प्रोड्यूसर होने के साथ-साथ इंटीरियर डिजाइनर भी हैं। हाल ही में उन्होंने रेस्टोरेंट बिजनेस में भी कदम रखा है। एक इंटरव्यू में गौरी ने अपने डेली रुटीन पर बात की। उन्होंने कहा कि वो सिंपल लाइफ जीती हैं पर सुबह जल्दी उठने वाले लोगों में से नहीं हैं। गौरी ने यह भी कहा कि लाइफ में उनके बच्चे ही उनकी प्रायोरिटी हैं। इससे पहले गौरी ने अपनी बुक माय लाइफ इन डिजाइन में भी पर्सनल लाइफ को लेकर कई खुलासे किए हैं। इससे पहले गौरी ने अपनी बुक माय लाइफ इन डिजाइन में भी पर्सनल लाइफ को लेकर कई खुलासे किए हैं। कर्ली टेल्स को दिए एक इंटरव्यू में गौरी ने कहा, 'मैं जल्दी उठने वाले लोगों में से नहीं हूं। चूंकि हमारे घर में काफी रात तक सभी जागते रहते हैं तो मैं सुबह 10 बजे तक उठती हूं। मॉर्निंग कॉफी लेने के बाद मैं जिम जाती हूं, लंच करती हूं और अपने काम करती हूं। बच्चे मेरी प्रायोरिटी हैं तो अबराम 3 बजे तक घर आ जाते हैं और लंच करते हैं।

• वीडियो देख भड़क गए यूजर्स

# वरुण की फिल्म से लीक हुआ 'चुनरी चुनरी' का रीमेक

वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में उनके साथ पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। इन दिनों सोशल मीडिया पर इस फिल्म से जुड़े कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी बीच एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वरुण, पूजा और मृणाल फिल्म बीवी नंबर 1 के मशहूर गाने चुनरी चुनरी पर डांस करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस वीडियो को देखने के बाद कई यूजर्स भड़क गए। उनका कहना है कि 90 के दशक के क्लासिक गानों को रीक्रिएट कर उन्हें बर्बाद किया जा रहा है। चुनरी-चुनरी रीमेक सॉन्ग का जो क्लिप लीक हुआ है। इसमें वरुण, मृणाल और पूजा डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वरुण धवन प्रिंटेड शर्ट और रेड पैंट में दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं मृणाल गोल्डन-ब्लैक ड्रेस में काफी स्टाइलिश लग रही हैं। पूजा हेगड़े भी गोल्डन आउटफिट में नजर आईं।



### इंटरसिटी व एपी एक्सप्रेस में भी हुई मोबाइल झपटने की वारदात

# रीवांचल में गेट के पास खड़ी महिला का मंगलसूत्र झपटा

## युवक का मोबाइल भी छीनकर भाग गया लुटेरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और झपटमारी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। रीवांचल सुपर फास्ट में गेट के पास खड़ी महिला यात्रा के गले से अज्ञात बदमाश सोने का मंगलसूत्र झपट लिया। इसी ट्रेन में यात्रा कर रहे युवक का मोबाइल छीनकर बदमाश चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। रीवांचल सुपर फास्ट के अलावा आंध्र प्रदेश व इंटरसिटी में भी मोबाइल लूट की घटनाएं हुई है। जीआरपी थाना भोपाल ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर झपटमारों की तलाश शुरू कर दी है।**

जीआरपी ने बताया कि शिखा मेश्राम, अशोका गार्डन में रहती हैं। गत 24 मई को रीवांचल सुपर फास्ट के कोच एस-3 में वह अपने परिवार के साथ कटनी से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर रही थीं। ट्रेन भोपाल स्टेशन से चली तब वह गेट के पास खड़ी थीं। ट्रेन की गति काफी धीमी थी। उसी दौरान गले पर झपट्टा मारकर एक अज्ञात बदमाश ने सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। लूटे गए दस ग्राम वजनी सोने के मंगलसूत्र की कीमत 40

### बाथरूम के पास बैठे युवक का मोबाइल झपटा

ग्राम देवलखेड़ा थाना रायसेन निवासी अवधेश सेन (32) विगत 23 मई को रीवांचल सुपर फाट के जनरल कोच में भोपाल से विदिशा की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान वह गैलेरी में बाथरूम के पास बैठ कर मोबाइल चला रहे थे। ट्रेन भदभदा स्टेशन पर धीमी हुई। इस दौरान एक अज्ञात बदमाश पीछे से आया और झपट्टा मारकर मोबाइल लेकर ट्रेन से कूदकर भाग गया। घटना के बाद अवधेश अपने घर चले गए थे। मोबाइल बिल मिलने के बाद जीआरपी थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।



### शर्ट की जेब से मोबाइल निकालकर भागा

अमरावती महाराष्ट्र निवासी राजकुमार भन्नारे 25 मई को भोपाल से अहमदाबाद जाने के लिए भोपाल इंदौर इन्टरसिटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल से मक्सी की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान ट्रेन में भीड़भाड़ अधिक थी। इस कारण वह टायलेट के पास खड़े हो गए। भोपाल से चलने के बाद ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। तभी आउटर पर एक अज्ञात लडका शर्ट की जेब में रखा मोबाइल निकालकर फरार हो गया।

### महिला के हाथ पर झपट्टा मारकर गिराया मोबाइल

पुलिस के मुताबिक थाना सहदेव खुंटा जिला बालासोर उड़ीसा निवासी प्रायांशु पारही पत्नी एके पारही (25) एपी एक्सप्रेस से विशाखापट्टनम से दिल्ली की यात्रा कर रही थीं। भोपाल स्टेशन से ट्रेन के निकलते ही आउटर पर दो-तीन लडकों ने उनके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल नीचे गिरा लिया और मोबाइल लेकर फरार हो गए। घटना के समय वह गेट के पास खड़ी थीं। फरियादिया ने जीआरपी थाना झांसी में शून्य पर प्रकरण दर्ज कराया था। वहां से डायरी जीआरपी थाना भोपाल भेजी गई है।

# चाय-गुटखा के पैसे मांगने पर भोजनालय के संचालक पर तलवार से हमला किया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड पर सोमवार रात एक बदमाश ने भोजनालय संचालक पर तलवार से जानलेव हमला कर दिया। सिर में दो जगह और हाथ में तलवार लगने से भोजनालय संचालक की हालत नाजुक है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बताया जाता है कि हमलावर निगरानी बदमाश है।

पुलिस रोहित दोहरे (27) खुशीपुरा, चांदबड़, स्टेशन बजरिया में रहता है और अस्सी फीट रोड पर पेट्रोल पंप के पास भोलेनाथ भोजनालय चलाता है। उसने बताया कि भोजनालय पर सोमवार रात वह पित संतोष दोहरे (53) के साथ था। इस दौरान रंजीत सरदार नामक युवक भोजनालय पर पहुंचा। उसके साथ उसका एक अन्य साथी भी था। दोनों ने चाय पी और रंजीत सरदार ने राजश्री मांगा। राजश्री खाने के बाद वह अपने दोस्त के साथ जाने के लिए बाइक स्टार्ट करने लगा।



### धमकी देकर चला गया था आरोपी

संतोष ने रंजीत सरदार से चाय और गुटखा के रुपए मांगे तो वह भड़क गया और कहने लगा कि मुझे पहचानता नहीं है। संतोष ने कहा कि जान पहचान से क्या चाय और गुटखे के पैसे दे दो। इस बात को लेकर दोनों मे कहासुनी हो गई और रंजीत सरदार भोजनालय से चला गया। कहा कि रुक अभी तुझे आकर पैसे देता हूं। इसके बाद रंजीत और उसका साथी चले गए। करीब आठ बजे आरोपी बाइक से भोजनालय पहुंचा। इस दौरान उसके हाथ में तलवार थी। उसने गालीगलौज करते हुए संतोष पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने संतोष के सिर पर तलवार के दो वार किए थे। तीसरा वार करने पर संतोष ने तलवार का हमला दांए हाथ से रोक लिया। इस हमले में संतोष को सिर में दो जगह गंभीर चोट आई है। जबकि तलवार का वार हाथ से रोकने के कारण दाहिने हाथ की हथेली बुरी तरह से कटी है।

## मेट्रो स्टेशन निर्माण के चलते कल से परिवर्तित रहेगा यातायात



**भोपाल।** भोपाल मेट्रो रेल परियोजना द्वारा पुल बोगदा के पास नए मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य किया जाना है। इस दौरान आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए निर्माण कार्य के दौरान इलाके का यातायात परिवर्तित किया गया है। यह यातायात कल 28 मई से एक महीने तक 27 जून 2025 तक बदला रहेगा। इस दौरान भारी और मध्यम वाहन के लिए प्रभात चौराहे से पुल बोगदा होकर भारत टाकीज एवं प्रभात चौराहे से पुल बोगदा होकर जिंसी धर्मकांटा और मैदा मिल की तरफ जाने वाला मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। हल्के और दोपहिया वाहन के लिए पुल बोगदा से शिव मंदिर रोड जिंसी के सामने तक का एक तरफ का मार्ग बंद किया जाएगा। डायवर्सन के दौरान प्रभात चौराहा से पुल बोगदा होकर भारत टॉकीज अथवा रेलवे स्टेशन और प्लेटफार्म क्रमांक 6 की तरफ आवागमन करने वाले वाहन प्रभात चौराहा से परिहार चौराहा अशोका गार्डन, अस्सी फीट रोड, स्टेशन बजरिया तिराहा, भारत टाकीज ओव्हर ब्रिज, संगम टाकीज तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे। पुल बोगदा से भारत टाकीज के तरफ जाने वाले हल्के और दोपहिया वाहन जिंसी के सामने तक एक तरफ के मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें और किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात थाने के दूरभाष नंबर 0755-2677340, 2443850 पर संपर्क कर सकते हैं।



भोपाल के शाहपुरा इलाके में पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण मुख्य सड़कों पर नो पार्किंग में खड़े हुए वाहन रोज ट्रैफिक जाम का कारण बनते हैं।

# ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी दो कारों में डंपर ने मारी टक्कर, ट्रक छोड़कर भाग चालक

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित दानिश नगर तिराहा पर रेड सिग्नल पर खड़ी एग्रीकल्चर विभाग की डिप्टी डायरेक्टर की कार को रेत के डंपर ने टक्कर मार दी। इस दौरान डंपर ने एक अन्य कार को भी चपेट में ले लिया। हादसा रविवार रात करीब 11 बजे के आसपास का है। हादसे में डिप्टी डायकेक्टर और उनका परिवार बाल बाल बचा, जबकि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का पिछला पहिया फट गया। हादसे के बाद डंपर का चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक पर मामला दर्ज करते हुए डंपर जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार सुमन प्रसाद एमरॉल्ड पार्क सिटी बागसेवनिया में रहती है। रविवार को वह पति रामगोला दंडमनी और बेटी हर्षिता के साथ मेपल रेस्टोरेंट बर्थ-डे पार्टी में गई थी। वहां से रात करीब 11 बजे परिवार के साथ लौट रही थी। दानिस नगर तिराहा पर पहुंची तो ट्रैफिक सिग्नल रेड हो गया। रात में सिग्नल रेड होने के कारण उन्होंने कार निकालनी चाही, लेकिन बेटी ने कहा कि सिग्नल नहीं हुआ है। लिहाज वह सिग्नल पर रुक गई। इसी बीच एक ओरा कार भी सिग्नल पर रुकी थी। सुमन प्रसाद सिग्नल खुलने का इंतजार कर रही थी, तभी पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कार को दाहिने तरफ ड्राइवर साइड से टक्कर मार दी।

### केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम

# महिला का शारीरिक शोषण, धर्म बदलने का दबाव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और धर्म परिवर्तन का दबाव डालने का मामला दर्ज किया है। आरोपी से परेशान होकर महिला हिंदू संगठन के पास पहुंची थी, जिसके बाद संगठन के पदाधिकारी उसे लेकर थाने पहुंचे। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम बनाई गई है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 35 वर्षीय महिला का अपने पति से करीब बारह साल पहले अलगाव हो चुका है। फिलहाल महिला अपने बेटे के साथ रहती है। करीब तीन साल पहले उसकी पहचान गोविंदपुरा में रहने वाले नदीम खान से हुई थी। नदीम ने अपने हिंदू नाम अमित बताकर महिला से दोस्ती की थी। शुरुआत में वह महिला की छोटी-मोटी मदद कर दिया करता था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जून 2022 में नदीम महिला को लेकर अपने घर पहुंचा। उस वक्त



उसके घर पर अन्य कोई नहीं था। इस दौरान उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो उसने जल्द ही शादी करने का वादा कर लिया। उसके बाद वह लगातार महिला का शारीरिक शोषण कर रहा था। शादी के लिए धर्म बदलने का बनाया दबाव कुछ दिनों पहले पीड़िता को पता चला कि नदीम खान पहले से शादीशुदा है।

### धर्म बदलने तैयार नहीं हुई महिला

पीड़िता ने जब शादी का दबाव बनाया तो नदीम उस पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने लगा। उसका कहना था कि जब तक महिला अपना धर्म नहीं बदलेगी, वह उसके साथ शादी नहीं करेगा। ऐसा नहीं करने पर उसने फोटो और वीडियो वायरल कर महिला को बदनाम करने की धमकी दी। परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर शिकायत कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी नदीम खान के खिलाफ बलात्कार और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02 भोपाल, Mobile No. : 9425601534**

**ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com**

**क्र.- मप्रपुआअविनि/442/पयं/भोपाल-02/तशा/2025 भोपाल दिनांक 20.05.2025**

**प्रेस विज्ञप्ति**

जिला-भोपाल में 312 आवासीय परिसर रेडियो कॉलोनी में 08 ब्लॉक्स में शेड एवं गेट पर लेट-बाथ बनाये जाने का कार्य तथा पुलिस आई.टी.आई. भोपाल के पुराने भवन की मरम्मत (Internal Electrification) के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-08/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDERNo. - 2025_MPPHC_ 425052_1 AND No. - 2025_MPPHC_425073_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.05.2025 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/120209/2025 **परियोजना यंत्री**


## चलती बाइक से गिरकर 70 साल की बुजुर्ग महिला की मौत

भोपाल। खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव कोलूखेड़ी में चलती बाइक से गिरकर घायल हुई 70 साल की बुजुर्ग की मौत हो गई।हादसा गत 23 मई की सुबह साढ़े 8 बजे के आसपास का बताया जा रहा है। दरअसल, बुजुर्ग अपने दामाद के साथ सीहोर से भोपाल बाइक से आ रही थी, तभी कोलूखेड़ी गांव में बाइक के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने के फेर में बाइक के ब्रेक लगाने पर पीछे बैठी बुजुर्ग गिर गई। उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी।




पुलिस के अनुसार रसूल बी पति हफीज (70) गांव मनाखेड़ी, थाना मंडी, जिला सीहोर की रहने वाली थी। गत 23 मई को वह अपने दामाद सद्दाम के साथ बाइक से भोपाल आ रही थी। सद्दाम और रसूल बी खजूरी सड़क में कोलूखेड़ी गांव पहुंचे ही थे कि अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने सद्दाम ने बाइक के ब्रेक लगाए और बाइक थोड़ी घिसटी थी। इसी बीच झटका लगने से पीछे बैठी रसूल बी चलती बाइक से नीचे गिर गई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां सोमवार तड़के उनकी मौत हो गई।

## कार की टक्कर से घायल रिटायर्डकर्मी, मौत

भोपाल। कोलार थाना क्षेत्र स्थित अलीसा विहार कॉलोनी के गेट के पास कार ने रिटायर्डकर्मी को टक्कर मार दी। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गा था। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राजहर्ष कॉलोनी अलीसा विहार निवासी 73 साल के उदय वसंत पौराणिक केंद्रीय नौकरी से रिटायर्ड थे। शनिवार सुबह करीब 10 बजे वह घर से फल लेने के लिए निकले। गेट से कुछदूरी पर ही प्रियंका नगर साहू आटा चक्की के पास उन्हें कार के चालक ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार का चालक रुका नहीं, बल्कि फरार हो गया। इधर टक्कर लगने से उदय को गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उदय वसंत परिवार से अलग रह रहे थे।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना श्यामला हिल्स भोपाल**

फोन नं. 0755-2677310,2661477 E-mail psshyamla@gmail.com

क्रं./थाप्र./श्या./अप क्रं. 52/2025 दिनाँक 17/04/2025

**जाहिर सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना श्यामला हिल्स पर अपराध क्रमांक 52/2025 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया जिसमे अपहृता महक जाटव पिता कमल सिंह जाटव उम्र 17 साल निवासी नीलू बाजी के मकान में किराये से अहाता रूस्तम खां थाना श्यामलाहिल्स भोपाल दिनांक 15/04/2025 के करीबन 12.30 बजे से अपने घर नीलू बाजी का किराए का मकान अहाता रुस्तम खां थाना श्यामला हिल्स भोपाल से लापता है जिसका चेहरा गोल, रंग गेंहुआ, कद 5 फिट 4 इंच, पहनाबा - परपल कलर का टॉप एवं काले रंग का जींस पेन्ट, पैरों में सफेद कलर के जूते पहने है जिसकी की तलाश की जा रही अपहृता महक जाटव के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होती है तो थाना श्यामला हिल्स भोपाल के दूरभाष क्रं. 0755-2677310 व अनुसंधानकर्ता सउनि रविश पटेल को मो. 9165528409 पर सूचित करे।

**थाना प्रभारी**
**थाना श्यामला हिल्स भोपाल**

G-11764/25

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा भोपाल**

**OFFICE OF THE POLICE STATION KOHEFIZA, BHOPAL-PIN 462001 (M.P.)**

क्रमांक था. कोहे. भो./ गुम इंसान -27/25 दिनांक 12/05/25

**जाहिर सूचना**



सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14/05/25 को सूचक जमीला वी पति सलीम खान उम्र 45 साल निवासी ओम शिवनगर के पीछे झुग्गी रेल्वे क्रासिंग के पास लालघाटी थाना कोहेफिजा भोपाल मो. 8878775182 सूचना दिया कि गुम इंसान क्र. 27/2025 का कायम कर जाँच मे लिया गया गुमशुदा समीना खांन उम्र 25 साल जो घर पर थी जो दिनांक 05, 06/05/2025 की दरमियान रात्रि बिना बताये कही चली गई है जिसका हुलिया कद 5 फिट चेहरा गोल रंग सावला, सलवार कुर्ता पहने है पैरों में चप्पल पहने साथ में उसका एक छोटा बच्चा भी है। उक्त गुम शुदा के सबंध में कोई जानकारी मिलती है तो थाना कोहेफिजा के मोबाईल क्रमांक 9479990687 पर सूचना देने का कष्ट करें।

**थाना प्रभारी, थाना कोहेफिजा, भोपाल**
**फोन नं.- 0755-2577317**

G-13193/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**M.P. MADHYA KESHTRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.**

**OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER (BR), BHOPAL**

**Phone No. : 0755-2588291 E-Mail : valuationmpczbr@gmail.com**

**No. CGM/BR/ENQ/Veh./2025/1607** **Bhopal, Dated : 21.05.2025**

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invite offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations.

| Name of Unit/Office | Particulars | EMD (Rs.) | Due date of submission of offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| CGM (BR) MPMKVVCL Bhopal | 01 No. Type A+ New Sedan Car (Maruti Vitara Brezza, Honda City, Hyundai Verna, Maruti Ciaz or equivalent) AC Model 2025 | 5000/- | 28.05.2025 up to 03:00 P.M. | 28.05.2025 at 03:30 P.M. |

Other details, terms and conditions are available on Company website **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/120218/2025 **DGM O/o The CGM (BR)**

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**

**कार्यालय महाप्रबन्धक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल**

**फोन ऑफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com**

**क्रमांक : 050/महाप्रबं/सि./688-89** **भोपाल, दिनांक : 19.05.2025**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण **विभाग म.प्र. शासन के दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत) बेस रेट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़कर**, भावपत्र e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं।

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| मप्रसि/भो./18/01 (ई. निविदा क्र. 2025_MKVVC_424592_1) | संचा./संधा. वृत्त भोपाल अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खजूरी सड़क के वितरण केन्द्र कार्यालय भवन में सुधार कार्य कराने बावत। | 1.63 | 4,000/- |

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 20.05.2025 from 10:30 Hrs.

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की **अंतिम तिथि एवं समय : 02.06.2025 up to 15:00 Hrs.**

निविदा खुलने की दिनांक/समय : 03.06.2025 at 15:00 Hrs.

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट **https://portal.mpcz.in** पर देखें एवं **https://mptenders.gov.in** पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/120181/2025 **महाप्रबंधक (सिविल)**


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022